

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की



Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, बस्ती, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड एवं राजस्थान में प्रसारित



पेरिस में बोले पीएम मोदी- तकनीक से बदल रहा है देश....01



Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in



सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले- जिन लोगों से............01



वर्ष: 03 अंक: 333 | बदायूं, शुक्रवार 19 जून 2026 | पृष्ठ- 08 | मूल्य- 4.00 रूपये


## भारत के लिए एआई का मतलब ऑल इंक्लूसिव

### पेरिस में बोले पीएम मोदी- तकनीक से बदल रहा देश



**फ्रांस।** के पेरिस में आयोजित हो रहे यूरोप के सबसे बड़े स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी उत्सव विटेक 2026 के 10वें संस्करण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। इस साल इस प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन में भारत एआई कंट्री पार्टनर के रूप में शामिल हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि इस बड़े बदलाव के दौर में तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो हर किसी के काम आए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नए सिरे से परिभाषित करते हुए कहा कि भारत के लिए एआई का सीधा मतलब ऑल इंक्लूसिव यानी सबका समावेश और सबका कल्याण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को दोनों क्षेत्रों के भविष्य के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया। पीएम मोदी ने कहा कि साल की शुरुआत में संपन्न हुआ यह ऐतिहासिक समझौता न केवल द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि दोनों अर्थव्यवस्थाओं में निवेश के नए रास्ते भी खोलेगा। यह टैलेंट (प्रतिभा), टेक्नोलॉजी (तकनीक) और टूरिज्म (पर्यटन) के आदान-प्रदान के लिए कई नए रास्ते तैयार करेगा। इस साल भारत-फ्रांस इनोवेशन वर्ष की शुरुआत के साथ फ्रांस एक बेहद महत्वपूर्ण पुल की भूमिका निभा रहा है, जो भारत और पूरे यूरोप के टेक इकोसिस्टम को एक-दूसरे के बेहद करीब ला रहा है।

वैश्विक निवेशकों और टेक कंपनियों को भारत में आमंत्रित करते हुए प्रधानमंत्री ने कई बड़े एलान किए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट पूल है, जहां सरकार नियमों को आसान बनाकर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर सबसे ज्यादा ध्यान दे रही है। इनोवेशन से लेकर प्रोडक्ट को मार्केट में उतारने तक के सफर के लिए भारत सरकार प्राइवेट सेक्टर को 50 अरब डॉलर से अधिक के प्रोत्साहन राशि दे रही है। इसके साथ ही भारत दुनिया का सबसे किफायती डाटा और सबसे सस्ती ग्रीन एनर्जी भी उपलब्ध करा रहा है।

पीएम मोदी ने पिछले एक दशक में तकनीक के दम पर भारत में आए महा-बदलाव का खाका भी पेश किया। उन्होंने बताया कि भारत आज तकनीक का इस्तेमाल वित्तीय समावेशन, शिक्षा, टेलीमेडिसिन और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बहुत बड़े पैमाने पर कर रहा है। आज दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल लेन-देन का आधा हिस्सा अकेले भारत में होता है। भारत की यह ताकत अब फ्रांस में भी दिखाई दे रही है, जहां लोग पेरिस के मशहूर एफिल टावर और पेरिस एयरपोर्ट पर भी यूपीआई के जरिए आसानी से भुगतान कर पा रहे हैं। डिजीलॉकर जैसी डिजिटल पब्लिक गुड्स आज दुनिया के सामने मिसाल हैं।

प्रधानमंत्री ने देश की नई टेक नीति को साफ करते हुए एक नया मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि हमारी नीति स्पष्ट है। सरकार रास्ता बनाएगी और इंडस्ट्री इनोवेशन करेगी, स्टार्टअप्स नए बदलाव लाएंगे और ग्लोबल पार्टनर्स हमारे साथ मिलकर इसे बड़े पैमाने पर स्केल करेंगे। पीएम मोदी ने सम्मेलन में मौजूद सभी दिग्गजों से अपील की कि वे आगे आएं, भारत के साथ मिलकर काम करें और एक ऐसी तकनीक विकसित करें जो पूरी दुनिया के जीवन को बेहतर बना सके।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले-

### जिन लोगों से एडवांस वसूला वो अब अफवाही मंत्री को ढूंढ रहे है



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में संभावित टूट को लेकर सियासी माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। सुभासपा अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में मंत्री ओपी राजभर लगातार सपा में टूट का दावा कर रहे हैं। इसी बीच सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए उन पर तीखा पलटवार किया है।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज कसा। लिखा कि टिकट के दावेदारों के बाद अब अधिकारी और ठेकेदार मिलकर 'ढुंढाई पंचायत' कर रहे हैं। जिन लोगों से टिकट दिलाने के नाम पर एडवांस राशि लेने की बातें सामने आ रही हैं, वे अब उन लोगों की नजर में हैं।

उन्होंने आगे लिखा कि पहले तो 'अफवाह मंत्री' को केवल वे ही भावी प्रत्याशी ढूंढ रहे थे, जिनसे टिकट के नाम पर एडवांस वसूले हैं, लेकिन अब यह चर्चा है कि '30 सीट' मिलने की बात महज अफवाह साबित हो रही है। तंज कसा कि न तो उन्हें एक भी सीट मिलती दिख रही है और यदि कहीं कोई सीट मिल भी जाए तो जीतेंगे नहीं।

सपा मुखिया ने अपने पोस्ट में आगे दावा किया कि अब स्थिति ऐसी है कि एई, जेई और एएमए स्तर के अधिकारी तथा विभागीय ठेकेदार भी मिलकर उनको तलाश रहे हैं। आरोप है कि इनसे ट्रांसफर, पोस्टिंग और कॉन्ट्रैक्ट दिलाने के नाम पर एडवांस लिया गया था। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि जिस काली कमाई के सहारे बड़े-बड़े दावे किए जा रहे थे, वही अब उनके खिलाफ 'पंचायत' बैठा रही है। उनके इस बयान के बाद यूपी की सियासत में एक बार फिर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

## एक नजर

### प्राकृतिक खेती ही विकसित भारत की नींव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब दुनिया वैश्विक ऊर्जा संकट और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही थी, तब भारत मजबूती के साथ खड़ा रहा। अनेक देशों में महंगाई बेकाबू हुई, लेकिन भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हालात को नियंत्रित रखा और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का अन्नदाता किसान समृद्ध और स्वस्थ होगा। उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती के स्थान पर प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया।

कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को लागत का न्यूनतम डेढ़ गुना मूल्य देने की व्यवस्था लागू की। इसके साथ ही सॉइल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को व्यापक सुरक्षा और सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से खेती की लागत बढ़ने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं। किडनी, लीवर, ब्लड प्रेशर और मधुमेह जैसी बीमारियों के बढ़ते मामलों का एक कारण खाद्यान्न में रसायनों की बढ़ती मात्रा भी है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की लागत घटाने के साथ समाज को स्वस्थ बनाने का माध्यम बन सकती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 34 जिलों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। गंगा तट के 27 जिलों और बुंदेलखंड क्षेत्र के सात जिलों को विशेष रूप से प्राकृतिक खेती के लिए चिन्हित किया गया है।

सरकार उत्पादों के प्रमाणन, पैकेजिंग और विपणन की व्यवस्था विकसित कर रही है, ताकि किसानों को बेहतर मूल्य मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल आर्थिक लाभ का माध्यम नहीं।

## सीएम योगी बोले- कुछ लोग गाय का दूध पिएंगे और सड़क पर छोड़ देंगे



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोग गाय का दूध पिएंगे, फिर उन्हें सड़कों पर बेसहारा छोड़ देंगे और जब ये गाय फसलों का नुकसान करेंगी तो दोष मुझे देंगे। हमारा संकल्प व संस्कार है कि गोमाता को कटने नहीं देंगे और देश की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

उन्होंने सिख गुरुओं के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि जब कोई आक्रांता या कसाई गोहत्या करता था, तो सिख वीर उसका वहीं काम तमाम कर देते थे। यह उस कालखंड की बात है, जब देश गुलाम था और लोग विदेशी आक्रांताओं के साये में जीवन व्यतीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 2000 वर्ष पहले भारत की वैश्विक अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 44 प्रतिशत थी। मुगलों की लूटपाट के बावजूद भारत की ग्लोबल इकॉनमी में हिस्सेदारी 24 प्रतिशत तक थी। जब तक भारत किसानों, व्यापारियों, नौजवानों और आधी आबादी के सामर्थ्य पर विश्वास करता रहा, तब तक देश समृद्धि की ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहा।

लेकिन, जब हमने विदेशियों की नकल करना शुरू कर दिया तो वही भारत विपन्न होते-होते आजादी के समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में मात्र दो प्रतिशत हिस्सेदारी तक सिमट गया। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान देश ने नारी शक्ति, युवाओं, व्यापारियों और किसानों पर फिर से विश्वास किया। इसी का परिणाम है कि आज भारत पूरे विश्व में तेजी से आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी-पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अब भारत बीमारू नहीं, विकसित भारत बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर देश है। यह विचार करने की आवश्यकता है कि वे कौन से कारण थे, जिन्होंने इतनी समृद्ध भूमि होने के बावजूद अन्नदाता किसानों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया। 2014 से पहले किसान आत्महत्या कर रहा था, क्योंकि लागत अधिक व उत्पादन कम था और उपज का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता था। सीएम योगी ने कहा कि आजाद भारत में किसानों को उनकी लागत का न्यूनतम डेढ़ गुना मूल्य देने की गारंटी किसी ने दी, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। वर्ष 2004 से 2014 के बीच देश में लाखों किसानों ने आत्महत्या की, लेकिन 2014 के बाद इस पर विराम लग गया।

## मुख्तार की जमीन पर बने योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट पर अवैध नोटिस

**लखनऊ।** राजधानी के डालीबाग में माफिया मुख्तार अंसारी की जमीन पर एलडीए ने भवन बनाया है। यह सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है। लेकिन, अब इसमें जबरदस्त ट्विस्ट आ गया है। इन भवनों में सिंचाई विभाग ने नोटिस लगा दिया है। इसमें लिखा कि ये भवन अवैध रूप से बनाए गए हैं। बताते चलें कि सिंचाई विभाग ने एलडीए की डालीबाग की सरदार वल्लभभाई पटेल योजना को अतिक्रमण बता दिया है। इसे सिंचाई विभाग की जमीन बताते हुए इन पर तोड़ने का नोटिस चस्पा कर दिया था। हालांकि, एलडीए के लोगों ने नोटिस को छिपा दिया है। यदि सिंचाई विभाग का दावा सही निकलता है तो इस 72 फ्लैटों की योजना पर संकट आ जाएगा। यह योजना माफिया मुख्तार अंसारी के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर लाई गई है। करीब छह महीने पहले मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से ही योजना के आवंटियों को आवंटन पत्र वितरित किए थे। गृह प्रवेश का सामान भी दिया था। हालांकि, अभी तक किसी आवंटी का गृह प्रवेश नहीं हो पाया है। उनको कब्जे नहीं मिले हैं। नोटिस के बाद बृहस्पतिवार को सिंचाई विभाग का दस्ता ध्वस्त करने पहुंचा। इस दौरान स्थानीय लोगों और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के बीच झड़प हुई।

## राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बागी सांसदों को फिर कहे अपशब्द बोले-

### गद्दार-बेईमान-धोखेबाज



**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने पार्टी के उन सांसदों पर अपना तीखा हमला जारी रखा है, जो संसदीय दल की बैठक में शामिल नहीं हुए थे। मीडिया से बात करते हुए संजय राउत की ओर से एक बार फिर से अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। बैठक में शामिल न होने के बाद इन सांसदों के पार्टी छोड़कर शिंदे गुट में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं।

गुरुवार को नई दिल्ली में हुई संसदीय दल की बैठक में पार्टी के छह लोकसभा सांसद अनुपस्थित रहे। अनिल देसाई द्वारा बुलाई गई इस बैठक में केवल लोकसभा सांसद अरविंद सावंत, अनिल देसाई, राजाभाऊ वाजे और संजय राउत स्वयं मौजूद थे। अनुपस्थित रहने वाले सांसदों में नागेश आष्टिकर, संजय देशमुख, संजय जाधव, संजय दीना पाटिल, ओमप्रकाश राजेनिंबालकर और भाऊसाहेब वाकचौरे शामिल हैं।

बैठक के तुरंत बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए संजय राउत ने अनुपस्थित सांसदों को गद्दार, बेईमान और धोखेबाज करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन सांसदों ने पार्टी के साथ धोखा किया है। बागी सांसदों को लेकर बात करते हुए राउत ने एक बार फिर से उनके लिए गालियों का भी इस्तेमाल किया। इससे पहले बुधवार को भी उन्होंने बागी सांसदों को अपशब्द कहे थे। पार्टी सांसद अनिल देसाई ने भी स्पष्ट किया कि जो सांसद बैठक में शामिल नहीं हुए, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में न आने वाले सभी सांसदों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनकी अनुपस्थिति का कारण पूछा गया है। राउत ने कहा, उद्धव जी को सब कुछ पता है और वे हर घटनाक्रम की पूरी जानकारी ले रहे हैं। पूरी पार्टी एकजुट है। चार-पांच सांसदों से पार्टी नहीं बनती। पार्टी और उसके कार्यकर्ताओं ने ही उन्हें सांसद बनाया था, और वे कार्यकर्ता अब सड़कों पर हैं और आगे भी रहेंगे। उनके लिए अपने ही चुनाव क्षेत्रों में रहना मुश्किल हो जाएगा। मैं यह बात रिकॉर्ड पर कह रहा हूं। उन्हें अपने चुनाव क्षेत्रों में जाकर लोगों का सामना करने दें। अगर वे वहां जाते हैं, तो उन्हें भारतीय सेना की सुरक्षा की जरूरत पड़ेगी। अगर अदालतों ने पिछले चार वर्षों में हमारे मामले पर फैसला सुना दिया होता।

## शिक्षा-रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस का नया अभियान



**दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्रों और नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए छात्रों की गूंज अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने युवाओं से इस मुहिम में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की है। राहुल गांधी का कहना है कि इस अभियान का मकसद शिक्षा, परीक्षा और रोजगार से जुड़ी चिंताओं को सीधे सरकार तक पहुंचाना है।

सोशल मीडिया पर अपनी बात रखते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि अगर किसी छात्र ने पेपर लीक, परीक्षा में नकल या बहुत ज्यादा फीस का दर्द सहा है, तो यह अभियान उनके लिए है। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था ने कई युवाओं के सपनों को तोड़ा है। कई परिवारों ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई बच्चों की पढ़ाई में लगा दी है। ऐसे में छात्रों की गूंज उन सभी युवाओं की आवाज बनेगा।

राहुल गांधी ने इसे सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि एक मंच बताया है। इसके जरिए सस्ती शिक्षा, निष्पक्ष परीक्षा और सम्मानजनक रोजगार की मांग सरकार के सामने रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से इस मुहिम से जुड़ने, अपने सुझाव देने और याचिका पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया है। उनका मानना है कि एक-एक हस्ताक्षर इस लड़ाई को मजबूत करेगा। जितने ज्यादा नाम जुड़ेंगे, छात्रों की आवाज उतनी ही बुलंद होगी।

कांग्रेस पार्टी इस अभियान के जरिए देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना चाहती है। इसमें पेपर लीक, कोचिंग की भारी फीस और भर्ती में होने वाली गड़बड़ियों जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। पार्टी ने इसके लिए देशव्यापी योजना बनाई है। इसके तहत पूरे देश में विरोध प्रदर्शन, जनसंपर्क कार्यक्रम और चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। संसद में भी इन मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत राजस्थान के कोटा से छात्रों की गूंज महारैली के साथ हुई है। आने वाले समय में यह कार्यक्रम देश के अन्य हिस्सों में भी फैलेगा। इसमें एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस जैसे संगठन भी हिस्सा लेंगे। राहुल गांधी आने वाले दिनों में इलाहाबाद, पटना और दिल्ली में भी छात्र सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवस्था की कमियों पर भी चिंता जताई है। उन्होंने अपनी यात्राओं के अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकारी शिक्षा क्षेत्र में गिरावट आई है और निजी शिक्षा बहुत महंगी हो गई है। उन्होंने मौजूदा पढ़ाई के तरीके की भी आलोचना की।

राहुल गांधी ने एक खास बात यह कही कि देश के युवाओं के पास करियर के बहुत कम विकल्प बचे हैं। उन्होंने लाखों युवाओं से बात की और पाया कि ज्यादातर युवा सिर्फ पांच क्षेत्रों में जाना चाहते हैं इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, आईएएस और सेना। उन्होंने करियर में विविधता की कमी को एक बड़ी समस्या बताया। इसी बीच, नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा की तारीख भी सामने आई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यह परीक्षा 21 जून को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित करेगी। तीन मई को हुई परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों के बाद इसे रद्द कर दिया गया था।

## राम मंदिर में चढ़ावा चोरी: जांच में मिले सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ के सबूत

**अयोध्या।** राम मंदिर दानराशि में गड़बड़ी की जांच लगातार जारी है। एसआईटी ने लगातार चौथे दिन भी संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। बृहस्पतिवार को राम मंदिर के मुख्य ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्र से पूछताछ की गई। एसआईटी ने पिछले तीन दिनों में 60 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। दान गणना प्रक्रिया, मंदिर से बैंक तक धनराशि को ले जाने की प्रक्रिया समझी गई। सीसीटीवी कैमरों की जांच हुई।

जांच में सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ के भी सबूत मिले हैं। इसी बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंच रहे हैं। वे राम मंदिर में दर्शन करने भी जाएंगे। जानकारी के अनुसार एसआईटी शुक्रवार को जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट भी मुख्यमंत्री को सौंप सकती है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक की जांच में जो दोषी पाए गए हैं उन पर एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है। एसआईटी चंपत राय, गोपाल राव समेत राममंदिर ट्रस्ट के कई अन्य पदाधिकारियों व उनसे जुड़े लोगों से गहनता से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक ये लोग कई सवालों के जवाब नहीं दे पा रहे हैं। कई सवालों के गोलमोल जवाब दे रहे हैं। वहीं, दान के दिए गए रिकॉर्ड से भी एसआईटी संतुष्ट नहीं है क्योंकि उसमें भी कई चीजें अस्पष्ट हैं। इसलिए एसआईटी को जांच में अधिक समय लग रहा है। विशेष जांच दल ने पूछताछ के लिए करीब दो सौ लोगों की सूची तैयार की है। इनमें से सवा सौ लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इनमें से कुछ से कई बार पूछताछ की है।

# ऑटो में गांजा तस्करी करते पकड़ा गया तस्कर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने चेकिंग के दौरान ऑटो से अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कब्जे से`1 किलो 772 ग्राम अवैध गांजा जिसकी अनुमानित कीमत ?50000 है और तस्करी में प्रयुक्त 1 ऑटो बरामद किया है। दिनांक को थाना ट्रांस यमुना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में झरना नाले से शाहदरा चुंगी की तरफ से आने वाले सर्विस रोड पर हाइवे कट के पाससंदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर द्वार सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति



ऑटो से अवैध मादक पदार्थ लेकर फिरोजाबाद की ओर से आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने फिरोजाबाद की ओर से आ रहे एक संदिग्ध ऑटो को रुकने का इशारा किया। ऑटो ड्राइवर ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने रोक लिया। पूछताछ में उसने बताया कि ऑटो में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा है। सहायक पुलिस आयुक्त छत्ता आगरा की मौजूदगी में पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गई। अभियुक्त के कब्जे से1 किलो 772 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और तस्करी की घटना में प्रयुक्त1 ऑटो बरामद हुआ। अवैध गांजा की बरामदगी के आधार पर अभियुक्त अली हसन को थाना ट्रांस यमुना पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त अली हसन ने बताया कि उसका साला इसराद पुत्र शहजाद अली कहीं से गांजा लाता है और अभियुक्त को देता है और वह उस गांजे को आगरा में जगह-जगह इसी टेम्पो से बेच देता है।

# ब्रजेश पाठक ने स्मार्ट सिटी ट्रैफिक कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** सहायक पुलिस आयुक्त यातायात श्री बृजेश पाठक द्वारा स्मार्ट सिटी ट्रैफिक कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान के अंतर्गत संचालित सभी प्रमुख व्यवस्थाओं एवं तकनीकी कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण में कैमरा मॉनिटरिंग सिस्टम, ट्रैफिक फ्लो मैनेजमेंट, सिग्नल कंट्रोल सिस्टम, तथा विभिन्न चौराहों पर यातायात की वास्तविक समय स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। साथ ही कंट्रोल रूम में तैनात स्टाफकी



कार्यप्रणाली एवं आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कार्रवाई की क्षमता का भी परीक्षण किया गया। इस अवसर पर शहर में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारु, सुरक्षित एवं प्रभावी बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही यातायात नियमों के पालन को सख्ती से लागू करने, जाम की समस्या के त्वरित समाधान तथा जन-जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया।

सर्व संबंधित को निर्देशित किया गया कि तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए जिससे आमजन को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

# ट्रांस यमुना क्षेत्र से लापता नाबालिग का वीडियो वायरल

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र से लापता हुई 17 वर्षीय नाबालिग सोनाक्षी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में लड़की ने कहा है कि वह अपनी मर्जी से घर से गई है। वायरल वीडियो में लड़की ने कहा - ष्मैं अपनी मर्जी से इनके साथ आई हूं, मेरे को मेरे घर वाले मारते थे। मेरी जबरदस्ती कहीं और शादी करा रहे हैं इसीलिए मैं यहां पे आई हूं इनके साथ। थाना ट्रांस यमुना में तहरीर देकर पड़ोस में किराये पर रहने वाले



आशीष पुत्र सुरेश चन्द्र पर बेटी को दिनांक 17/0/2026 को दोपहर करीबे 1बजे बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो को भी साक्ष्य के रूप में जांच में शामिल किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग की बरामदगी कर उसके बयान दर्ज कर तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी की अपील, 14 वर्ष की सभी बालिकाओं को एचपीवी टीका जरूर लगवाएं।

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल ने जनपद के सभी अभिभावकों, शिक्षकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि 14 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं, ताकि उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक अभिभावक अपनी बेटियों के उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य





का सपना देखता है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है और इसके कारण प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में महिलाओं की असामयिक मृत्यु हो जाती है। इस बीमारी का प्रमुख कारण एचपीवी वायरस है, जबकि इससे बचाव के लिए सुरक्षित, प्रभावी एवं विश्वसनीय एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद की 14 वर्ष आयु वर्ग की सभी किशोरियों जिन्होंने अभी अपना 15वां जन्मदिन पूरा नहीं किया है, को एचपीवी वैक्सीन नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

बाजार में इस वैक्सीन की कीमत लगभग ?4000 प्रति डोज है, जबकि सरकार इसे बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए नि:शुल्क उपलब्ध करा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह केवल एक टीका नहीं, बल्कि बेटियों को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने का सुरक्षा कवच है। जनपद के जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को निकटतम सब-सेंटर पर एएनएम द्वारा भी एचपीवी टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप

### क्रिकेटर दीपक चाहर की ऑडी क्यू8 को मिली प्रीमियम पीपीएफ सुरक्षा





**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर ने अपनी लग्जरी कार क्यू8 को बेहतर सुरक्षा और शानदार लुक प्रदान करने के लिए पेंट प्रोटेक्शन फिल्म (पीपीएफ) लगवाई। यह कार्य आगरा स्थित डिटेलिंग बुल द्वारा किया गया,जो कार डिटेलिंग और पेंट प्रोटेक्शन सेवाओं के लिए जाना जाता है। वाहन की पेंट सतह को खरोंचों, स्टोन चिप्स और अन्य बाहरी नुकसान से सुरक्षित रखने में मदद करती है। जानकारी के अनुसार,पीपीएफ इंस्टॉलेशन के बाद ऑडी क्यू8 का लुक और भी आकर्षक एवं फ्लॉलेस दिखाई दे रहा है। वाहन को मिली नई सुरक्षा और प्रीमियम फिनिश से दीपक चाहर बेहद संतुष्ट नजर आए।दीपक चाहर ने डिटेलिंग बुल की टीम द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए उनकी प्रोफेशनल अप्रोच, बारीकियों पर ध्यान और उच्च गुणवत्ता वाले परिणामों की प्रशंसा की। इस प्रोजेक्ट ने एक बार फिर यह साबित किया है कि उत्कृष्ट कारीगरी और ग्राहक संतुष्टि,डिटेलिंग बुल की पहचान है।कार प्रेमियों के बीच पीपीएफ का चलन तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि यह वाहन की मूल पेंट क्वालिटी को लंबे समय तक सुरक्षित रखते हुए उसकी चमक और वैल्यू बनाए रखने में सहायक होती है।

### वरिष्ठ समाजसेवी स्व. राजवीर सिंह की 8वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित।

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा के पुरागोवर्धन निवासी वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी लाखन सिंह सिकरवार के पिता वरिष्ठ समाज सेवी स्वर्गीय श्री राजवीर सिंह जी की 8वीं पुण्यतिथि पर परिवारिजनों व गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों एवं समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम एक ऐसी आत्मा का स्मरण कर रहे हैं जिन्होंने सेवा के मार्ग पर चलकर अपना जीवन जिया और सबको प्रेरणा का मार्ग दिखाया। स्व. राजवीर सिंह जी का स्वर्गवास उनके पैतृक गांव में हुआ था। उन्होंने समाज सेवा के साथ-साथ अपने परिवार में भी उच्च संस्कारों का पोषण किया। वह स्वयं समरसता के प्रत्यक्ष उदाहरण थे। उन्होंने अपने सेवा कार्यों में कभी भेदभाव नहीं किया। उनका जीवन लोगों के लिए एक प्रेरणा का केंद्र बिंदु है। वक्ताओं ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने माता-पिता के पुण्य से गुण, शील, शिक्षा और योग्यता प्राप्त करता है। यह विचार उनके सुपुत्रों लाखन सिंह सिकरवार और विमल सिकरवार पर बिल्कुल सही बैठते हैं। इस मौके पर उनके परिवारजन बड़े पुत्र लाखन सिंह सिकरवार, छोटे पुत्र विमल सिकरवार, नाती अनिरुद्ध सिकरवार, आयुष सिकरवार, नमन सिकरवार, पंती श्रेयांश सिकरवार और समस्त सिकरवार परिवार के साथ गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अनीता खण्डेलवाल प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** खण्डेलवाल वैश्य परिषद (पंजी.) द्वारा गठित अनीता खण्डेलवाल न्याय संघर्ष समिति ने अनीता खण्डेलवाल के उपचार के दौरान हुई कथित चिकित्सकीय लापरवाही, साक्ष्य छिपाने की आशंका तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम जिलाधिकारी आगरा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। समिति के संयोजक प्रदीप खण्डेलवाल ने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारक अनीता खण्डेलवाल पत्नी स्वर्गीय अनिल खण्डेलवाल निवासी भैरों



बाजार, आगरा का उपचार 27 मई 2026 से कमला नगर स्थित हृदयम हॉस्पिटल में डॉ. दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया। बाद में उन्हें सिकन्दरा स्थित प्रभा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा शिफ्ट कराया गया। परिजनों का आरोप है कि मरीज को सामान्य एवं स्थिर अवस्था में भर्ती किया गया था, लेकिन उपचार के दौरान स्थिति गंभीर हो गई, जिसके बाद उन्हें तत्काल फरीदाबाद रेफर करना पड़ा, जहां उनकी आपातकालीन ओपन हार्ट सर्जरी की गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उपचार के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों की स्पष्ट जानकारी उन्हें नहीं दी गई तथा आवश्यक मेडिकल रिकॉर्ड, कैथ लैब से संबंधित अभिलेख और प्रक्रिया की वीडियो भी उपलब्ध नहीं कराई गई। इससे मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं और परिवार में न्याय की मांग को लेकर आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया है कि यह मामला केवल एक परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि आयुष्मान भारत योजना के तहत उपचार प्राप्त करने वाले गरीब एवं मध्यमवर्गीय नागरिकों के विश्वास से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए मामले की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच आवश्यक है। समिति ने मुख्यमंत्री से स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय विशेषज्ञ मेडिकल बोर्ड गठित कर जांच कराने, दोनों अस्पतालों से संबंधित समस्त उपचार अभिलेख, एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी प्रक्रिया की मूल वीडियो, मशीन लॉग, सर्वर डेटा तथा सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कराने की मांग की है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान भारत योजना और जिला प्रशासन की संयुक्त जांच कराने, डिजिटल एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के संरक्षण के आदेश जारी करने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई है। ज्ञापन पर समिति के प्रतिनिधियों एवं समाज के वरिष्ठ जनों ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान संजू खण्डेलवाल, महेश गुप्ता, अशोक खण्डेलवाल और दीपक गुप्ता सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे। समिति ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक माध्यमों से संघर्ष जारी रखा जाएगा।

# शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, टीईटी अनिवार्यता से स्थायी राहत की मांग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर बृहस्पतिवार को शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किए जाने की मांग के लिए प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। सैकड़ों शिक्षक सेठ दामोदर दास स्वरूप पार्क में एकत्रित हुए। इसके बाद शिक्षकों के सम्मान में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ मैदान में... के नारे लगाते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। इसी क्रम में बरेली में संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री,



केंद्रीय शिक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा गया। ज्ञापन के जरिए वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों तथा उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त किए गए शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में इस बात का विशेष उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एसीटीई) की ओर से 23 अगस्त 2010 को टीईटी को न्यूनतम अर्हता के रूप में अधिसूचित किया गया था। इससे पहले देश के विभिन्न राज्यों और उत्तर प्रदेश में लागू तत्कालीन नियमों व पात्रता मानदंडों के अनुसार लाखों शिक्षकों की नियुक्तियां पूरी तरह से विधिवत रूप से संपन्न हो चुकी थीं। इन शिक्षकों ने पिछले कई दशकों से राष्ट्र निर्माण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सामाजिक जागरूकता तथा विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में अपना अमूल्य और अभूतपूर्व योगदान दिया है।जिला महामंत्री ने कहा कि संगठन सर्वोच्च न्यायालय की ओर से 29 मई 2026 को पुनर्विचार याचिकाओं पर दिए गए निर्णय का पूर्ण सम्मान करता है, लेकिन इसके साथ ही यह भी अपेक्षा करता है कि संसद एवं केंद्र सरकार इन शिक्षकों के सेवा हितों की रक्षा के लिए आवश्यक नीतिगत कदम उठाए, ताकि लाखों शिक्षकों तथा उनके परिवारों में फैला असमंजस और असुरक्षा का माहौल खत्म हो सके। जिला संगठन मंत्री सत्यार्थ पाराशरी ने मांग दोहराते हुए कहा कि पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी राहत दी जाए और उनकी सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं अन्य सभी सेवा लाभों को पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाए। इसके लिए यदि आवश्यकता हो तो संसद में आरटीई अधिनियम में आवश्यक विधायी संशोधन या विशेष प्रावधान लाया जाना चाहिए। शिक्षकों के अधिकारों की वकालत करते हुए जिला कोषाध्यक्ष परीक्षित गंगवार ने कहा कि दशकों से अपनी सेवाएं दे रहे शिक्षकों के अनुभव, कार्यकुशलता और उनके योगदान को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है।

उनके सेवा-अधिकारों की रक्षा करना पूरी तरह से न्याय, समानता एवं विधिक निश्चितता के सिद्धांतों के अनुरूप होगा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बरेली ने केंद्र सरकार से यह अनुरोध किया है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में जल्द से जल्द स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

# अर्जुन मौर्य की हत्या करने का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली के संजयनगर निवासी अर्जुन मौर्य की हत्या के आरोपी अर्पित को बारादरी थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बृहस्पतिवार तड़के हुई मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी है। दूसरा आरोपी कुश मौके से भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।एएसपी शिवम आशुतोष ने बताया कि हत्यारोपी अर्पित और कुश बाइक से कहीं भागने की फिराक में थे। गश्त कर रही पुलिस को जब इसकी जानकारी मिली तो दोनों का पीछा किया गया।



पुलिस ने हरूनगला मोड़ पर घेर लिया। दोनों ने फायरिंग कर भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस की ओर से जवाबी फायरिंग में अर्पित के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसका साथी कुश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। एएसपी के मुताबिक पूछताछ में आरोपी अर्पित ने अपना अपराध स्वीकार किया है। बताया जा रहा है कि अर्पित ने ही अर्जुन के माथे में गोली मारी थी। मुख्य विवाद प्रेम प्रसंग में बाधक बनने को लेकर था। सोमवार रात करीब 11 बजे संजय नगर इलाके में राष्ट्रीय हिंदू महासभा (भारत) के जिला सचिव राकेश मौर्य के 20 वर्षीय बेटे अर्जुन की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

अर्जुन दिन में पेंटर और रात को डीजे का काम करता था। उसके परिजन ने अर्पित, कुश समेत तीन आरोपियों पर हत्या की रिपोर्ट कराई है।

# ट्रांस यमुना कॉलोनी में नाले से मिला अज्ञात अधेड़ का शव

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के ट्रांस यमुना कॉलोनी फेस-प्रथम में चार सैय्यद के पास एक नाले से अधेड़ उम्र के एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। इस घटना से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने चार सैय्यद के पास स्थित नाले म् एक शव तैरता हुआ देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच में शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, मृतक अधेड़ उम्र का प्रतीत हो रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

थाना एत्माद्दौला पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है और गुमशुदगी की रिपोर्टों की भी जांच की जा रही है ताकि मृतक की पहचान की जा सके। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# स्वास्थ्य योजनाओं ने बदली जिंदगी, विश्वास की नई मिसाल

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, नवजात देखभाल तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से अनेक परिवारों को नया जीवन, सुरक्षा और बेहतर भविष्य मिला है।



आसफपुर विकासखंड के ग्राम कुआंडा में जन्मी नन्हीं सरस्वती इसका जीवंत उदाहरण है। जन्म के समय उसका वजन मात्र 2.1 किलोग्राम था और वह कम जन्म वजन (लो बर्थ वेट) की श्रेणी में थी। पर्याप्त स्तनपान न मिलने और उचित देखभाल के अभाव में उसकी स्थिति लगातार कमजोर होती गई। नियमित गृह भ्रमण के दौरान आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने समस्या की पहचान की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परिवार को परामर्श दिया, कंगारू मदर केयर (केएमसी) की जानकारी दी तथा आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया। निरंतर निगरानी और देखभाल के परिणामस्वरूप सरस्वती का स्वास्थ्य सुधरा और आज वह एक स्वस्थ एवं सक्रिय बालिका है।

इसी प्रकार भोजपुर क्षेत्र की ज्योति को गर्भावस्था के शुरुआती चरण में ही उच्च जोखिम गर्भवती (एचआरपी) के रूप में चिन्हित किया गया। उनका हीमोग्लोबिन स्तर अत्यंत कम था, जिससे मां और शिशु दोनों के लिए खतरा था। आशा, एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लगातार काउंसिलिंग, नियमित एएनसी जांच, आयरन थेरेपी तथा संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया गया। परिणामस्वरूप सुरक्षित प्रसव हुआ और ज्योति ने 2800 ग्राम वजन के स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। मां और बच्चा दोनों पूर्णतः स्वस्थ हैं।

बिसौली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर में जुड़वा बच्चों के जन्म का मामला भी स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता का उदाहरण है। गर्भवती महिला को उच्च जोखिम श्रेणी में चिन्हित कर लगातार निगरानी की गई। समय पर रेफरल, सुरक्षित संस्थागत प्रसव तथा जन्म के बाद कंगारू मदर केयर और होम-बेस्ड न्यूबॉर्न केयर के माध्यम से दोनों बच्चों की देखभाल सुनिश्चित की गई। आज दोनों बच्चे स्वस्थ हैं और सामान्य रूप से विकास कर रहे हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत ग्राम नदायल निवासी सात वर्षीय सोहेल को जन्मजात हृदय रोग से मुक्ति मिली। विद्यालय में स्वास्थ्य जांच के दौरान उसकी पहचान हुई। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार महंगे उपचार का खर्च उठाने में असमर्थ था। आरबीएसके टीम ने आवश्यक समन्वय स्थापित कर उसे उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान में निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया। सफल हृदय शल्य चिकित्सा के बाद सोहेल आज सामान्य बच्चों की तरह खेल-कूद और दैनिक गतिविधियों में भाग ले रहा है।

# एसएसपी अंकिता शर्मा ने अपराध समीक्षा बैठक में कसे थानेदारों के पेच

## अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं अंकिता शर्मा ने पुलिस लाइंस सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की।



बैठक में जनपद की कानून-व्यवस्थाए अपराध नियंत्रणए लंबित विवेचनाओंए महिला एवं बाल अपराध, साइबर अपराध, अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शस्त्रों तथा अपराधियों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी रणनीति बनाकर कार्य किया जाए और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि थानों पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुनकर उनका समयबद्ध निस्तारण कराया जाए। बैठक में लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारणए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, महिला एवं बाल अपराधों में त्वरित कार्रवाईए आईजीआरएस शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण जांच तथा न्यायालय संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई।

एसएसपी ने हिस्ट्रीशीटर टॉप-10 अपराधियों, इनामी अपराधियों, गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों, अवैध शस्त्रों का निर्माण एवं बिक्री करने वालों तथा मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गैंगस्टर एक्ट के मामलों में अपराधियों की अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर धारा 14/1 के तहत जब्तीकरण की कार्रवाई करने को कहा। साथ ही सम्मन व वारंटों की समय से तामीलए गवाहों की न्यायालय में उपस्थिति एवं अभियोजन कार्यों को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज.5.0 अभियान की समीक्षा करते हुए एसएसपी ने महिला हेल्प डेस्कए एंटी रोमियो टीमए शक्ति दीदी एवं महिला बीट आरक्षियों को गांवों, मोहल्लों, स्कूलों एवं कॉलेजों में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकारोंए आत्मरक्षा और हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में ऑपरेशन दृष्टि, ऑपरेशन कन्विक्शन एवं ऑपरेशन दहन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सभी थाना क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, अवैध गतिविधियों पर निगरानी तथा अपराधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। सड़क सुरक्षा को लेकर एसएसपी ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करानेए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोगए नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं हैए बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

## सार-संक्षेप

### कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम व एसएसपी ने की समीक्षा बैठक



**बदायूं।** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशलए शांतिपूर्णए सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी बदायूं श्री अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं सुश्री अंकिता शर्मा ने संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक के दौरान कांवड़ यात्रा की तैयारियोंए सुरक्षा व्यवस्थाए यातायात प्रबंधनए श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा संवेदनशील स्थलों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा व्यवस्थाए यातायात संचालनए मार्ग में संभावित अवरोधोंए भीड़ नियंत्रणए प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहन परीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएंए जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रभावी इंतजाम सुनिश्चित करें। इस दौरान एडीएम.ई श्री अरुण कुमारए अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अभिषेक कुमार सिंहए क्षेत्राधिकारी नगर श्री रजनीश कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बनकोटा स्टैंड पर बाइक सवार दो बदमाशों ने की किसान की गोली मारकर हत्या

**वजीरगंज।** थाना क्षेत्र के बनकोटा स्टैंड पर बुधवार देर रात मोटर साइकिल सवार दो बदमाशों ने किसान दिलीप की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के वक्त किसान स्टैंड के पास अपनी बाइक का पंक्चर जुड़वा रहे थे। तभी बदमाशों ने उनके सीने में गोली मार दी। एसपी ग्रामीण ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। गोलीकांड से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के बनकोटा स्टैंड पर कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव गरुईया निवासी दिलीप यादव पुत्र हरनाम यादव अपनी बाइक का पंक्चर जुड़वा रहे थे। इसी दौरान बदायूं की ओर से बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने दिलीप पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली दिलीप के सीने में लगी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। गोली की आवाज से बनकोटा स्टैंड पर अफरातफरी मच गई। मौके से बदमाश भाग निकले। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दिलीप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बदायूं के जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे राजेश और भतीजे धनुष पाल यादव ने बताया कि उनकी किसी से कोई पुरानी रंजिश नहीं थी। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

दो अज्ञात बदमाशों ने एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी है। परिवार किसी रंजिश से इन्कार कर रहा है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। बाइक की नंबर प्लेट की पहचान करने भी कोशिश की जाएगी। बदमाशों की तलाश में टीम लगा दी गई है।

**– डॉ. हृदेश कठेरिया, एसपी ग्रामीण**

### एसडीएम बिसौली ने अमृत तालाबों का किया निरीक्षण

**बिसौली।** उप जिलाधिकारी श्री साई आश्रित शाख मुरी ने अमृत सरोवर के तहत बने तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए तालाब के किनारों पर पौधारोपण किया जाए ताकि तालाब सुंदर व आकर्षक दिखाई दें। बृहस्पतिवार को विकास खंड बिसौली द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता व अमृत सरोवर योजना के तहत बन रहे तालाबों की हकीकत देखने के लिए उप जिलाधिकारी ने आधा दर्जन से अधिक गांवों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी ने बरसात से पहले सफाई कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान खजुरिया, शेखुपुरा, परोली, आलमपुर, नगला वराह एवं अक्कीपुर चिंचेटा आदि गांव के तालाबों के संरक्षण और विकास पर विशेष ध्यान देने की निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि तालाबों के पाथवे ( मार्ग ) पर सजावटी एवं छायादार पौधे लगाए जाएं। श्री साई आश्रित शाख मुरी ने कहा कि वर्षा जल के संचय और जल संकट से निपटने के लिए तालाबों का संरक्षण बेहद आवश्यक है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि इन प्राकृतिक जल स्रोतों को जीवंत और उपयोगी बनाया जा सके।

# स्वास्थ्य विभाग पहुंचा तो बंद मिले अस्पताल, उठे सवाल

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**सहसवान।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिना पंजीकरण और मानकों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे कथित जच्चा-बच्चा केंद्रों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। एसीएमओ के नेतृत्व में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम को देखते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।छापेमारी की सूचना मिलते ही अधिकांश जच्चा-बच्चा केंद्रों के संचालकों ने आनन-फानन में अपने अस्पतालों के शटर गिरा दिए और ताले लगाकर मौके से फरार हो गए। टीम जब विभिन्न केंद्रों पर पहुंची तो कई अस्पताल बंद मिले। इस स्थिति ने इन संस्थानों की वैधता और



कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अस्पताल पूरी तरह वैध और नियमों के अनुरूप संचालित हो रहे थे तो संचालकों को कार्रवाई से डरने और मौके से भागने की जरूरत क्यों पड़ी। लोगों का आरोप है कि कई केंद्र बिना लाइसेंस बिना प्रशिक्षित चिकित्सकों और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के संचालित किए जा रहे हैं जिससे मरीजों विशेषकर गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की जान जोखिम में पड़ रही है। छापेमारी के दौरान अधिकांश अस्पतालों का बंद मिलना यह संकेत देता है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध स्वास्थ्य सेवाओं का कारोबार फल-फूल रहा था। वहीं अब लोगो के मन मे यह सवाल भी उठ रहा है कि इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इन केंद्रों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को पहले से थी या नहीं। यदि थी तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

# प्राचीन क्षत्रिय प्याऊ ईखखेड़ा पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**इस्लामनगर।** विकास खंड इस्लामनगर के ग्राम ईखखेड़ा स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन क्षत्रिय प्याऊ परिसर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, अधिवक्ताओं और क्षत्रिय समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वामी दिव्यानंद योगीराज (गुरुजी) द्वारा प्रस्तावित महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु वैदिक मंत्रोच्चार एवं सनातन विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कृपाल सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्थ हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. वीरेश कुमार सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रताप सिंह राठौड़, क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार सिंह, मंडलीय संगठन मंत्री बरेली विजय पाल सिंह भदौरिया, क्षत्रिय महासभा बदायूं के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह एडवोकेट, जिला सचिव दिनेश सिंह एडवोकेट सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि स्वामी दिव्यानंद योगीराज ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और अदम्य साहस का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी समाज को संघर्ष, आत्मसम्मान और देशप्रेम की प्रेरणा देते हैं। युवा पीढ़ी को उनके जीवन से सीख लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।

क्षत्रिय महासभा बदायूं के जिला सचिव दिनेश सिंह एडवोकेट ने प्राचीन क्षत्रिय प्याऊ के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि क्षत्रिय समाज के पूर्वजों द्वारा इस प्याऊ का पुनर्निर्माण कर इसे वर्तमान स्वरूप दिया गया था। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इसी स्थल से क्षत्रिय समाज के स्वतंत्रता सेनानी आदि मौजूद रहे।

# सपा जिला कार्यकारिणी का विस्तार, बदायूं में पीडीए को मिलेगी और मजबूती







**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जनपद बदायूं की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। पार्टी द्वारा किए गए इस विस्तार को पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक एवं वंचित पीडीए वर्गों की भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है।

जारी सूची के अनुसार सुनील यादव को जिला उपाध्यक्ष, उदयवीर सिंह शाक्य को जिला महासचिव तथा रचित गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई नियुक्तियों से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर बदायूं सांसद आदित्य यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठन का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय, समान अवसर और संविधान की मूल भावना की रक्षा के लिए संघर्षरत है।

उन्होंने कहा कि पार्टी पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, किसान, नौजवान और वंचित वर्गों के सम्मान एवं अधिकारों के लिए लगातार कार्य कर रही है।

जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एवं सांसद आदित्य यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवमनोनीत पदाधिकारी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने और पीडीए की विचारधारा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बदायूं में लगातार जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय है। संगठन विस्तार से पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और जनसरोकारों से जुड़े अभियानों को नई गति मिलेगी।

सांसद आदित्य यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे संगठन और जनता के बीच मजबूत कड़ी बनकर कार्य करें तथा समाजवादी विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि बदायूं में समाजवादी पार्टी लगातार मजबूत हो रही है और पीडीए की एकजुटता आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देगी।

# लोक कल्याण मेले में पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने बांटे प्रमाण पत्र

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद बदायूं द्वारा आयोजित लोक कल्याण मेले का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को सरकारी योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। विशेष रूप से रेहड़ी-पटरी लगाने वाले छोटे दुकानदारों और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की गई है। इस योजना के माध्यम से लाखों लोगों को बिना किसी गारंटी के ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

उन्होंने बताया कि जो पथ विक्रेता स्वनिधि योजना के तहत ऋण प्राप्त करना चाहते हैं, वे सीधे मेला स्थल पर पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं। नगर पालिका की ओर से आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है ताकि पात्र लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों ने अपने दूसरे ऋण का सफलतापूर्वक भुगतान कर दिया है अथवा जिनका तीसरा ऋण संचालित है, वे डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रेडिट कार्ड के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि आज के डिजिटल युग में छोटे व्यापारियों के लिए ऑनलाइन और डिजिटल भुगतान व्यवस्था को अपनाना समय की आवश्यकता बन गया है। इससे न केवल उनके व्यवसाय में पारदर्शिता आएगी बल्कि ग्राहकों की संख्या भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार छोटे व्यापारियों को मजबूत करने के लिए लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है और सभी पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ अवश्य उठाना चाहिए। अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने कहा कि लोक कल्याण मेला केवल प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह जनजागरूकता और प्रशिक्षण का भी महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों और पथ विक्रेताओं को डिजिटल भुगतान प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत यूपीआई, क्यूआर कोड, मोबाइल बैंकिंग और अन्य डिजिटल माध्यमों के उपयोग की जानकारी दी जा रही है।

## प्रदर्शनी के दूसरे दिन लोगों में दिखी योजनाओं की जानकारी लेने की उत्सुकता

**बदायूं।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, कार्यक्रमों व संचालित योजनाओं पर आधारित डायट परिसर में चार दिवसीय प्रदर्शनी के दूसरे दिन आमजन में सरकार की योजनाओं को जानने की उत्सुकता देखी गई। सभी ने प्रदर्शनी को सराहाते हुए सरकार के कार्यों की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि बुधवार को जनपद के प्रभारी मंत्री व प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन व पर्यावरण डॉ० अरुण कुमार सक्सेना ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी आगामी 20 जून तक आमजन के अवलोकन के लिए संचालित रहेगी। गुरुवार को स्वयं सहायता समूहों की दीदीयों, युवाओं, उद्यमियों, व्यापारियों एवं गणमान्य लोगों ने प्रदर्शनी के अवलोकन उपरान्त सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि वह भी स्वयं अथवा अपने परिचितों, सम्बंधियों व ग्रामवासियों आदि को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करेंगे। कहा कि बिना भेदभाव के सभी पात्रों को सरकार योजना का लाभ दे रही है। सभी ने सरकार की योजनाओं, नियत व नीति की प्रशंसा की। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी, लाभार्थीपरक व जनहित की विभिन्न योजनाओं को बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

## संपादकीय

# रामलला के पैसे की चोरी, आस्था पर घात



अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर से दान पात्र में चोरी की घटना ने एक साथ कई मोर्चों पर हलचल मचा दी है। करोड़ों रामभक्तों की आस्था को इस घटना ने गहरी ठेस पहुँचाई है तो उनका यह विश्वास भी टूट गया कि रामलला के मंदिर में ऐसा कुछ कभी हो ही नहीं सकता है, लेकिन इससे भी बड़ी चोट तब लगी, जब इस धार्मिक मसले को राजनीति की चाशनी में लपेटकर परोसा जाने लगा। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को हाथों-हाथ लपक लिया और भारतीय जनता पार्टी की हिन्दूवादी राजनीति पर निशाना साधने में जरा भी देर नहीं की। यह सवाल अपनी जगह वाजिब है कि जिस मंदिर के दर्शन के लिये अखिलेश यादव आज तक नहीं गये, उस मंदिर के दान पात्र से हुई चोरी पर उनकी तड़प और चिंता कितनी वास्तविक है और कितनी दिखावटी। जो नेता रामलला के दर्शन से परहेज करते रहे, वे अचानक मंदिर की सुरक्षा और प्रबंधन के पहरेदार बन बैठे हैं। इसमें सच्चाई कम, सियासी गणित ज्यादा दिखता है। सपा की इस सियासत से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिये 19 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या रामलला के मंदिर पहुँच रहे हैं, जहाँ वह पूरे घटनाक्रम को बारीकी से समझेंगे।

उधर, अखिलेश यादव की मंशा साफ है। वे भाजपा की हिन्दुत्व की छवि को खंड-खंड करना चाहते हैं। भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया था। यह मंदिर केवल ईंट-पत्थर का ढाँचा नहीं, बल्कि भाजपा की राजनीतिक पहचान का आधार-स्तंभ है। जब उसी मंदिर में चोरी होती है, तो यह भाजपा के लिये केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि उसकी हिन्दुत्व की साख पर सीधा प्रहार बन जाता है। अखिलेश यादव इस कमजोर कड़ी को पकड़कर हिन्दू मतदाताओं के मन में यह संदेश डालना चाहते हैं कि भाजपा का हिन्दुत्व केवल चुनावी नारा है, व्यवहार में नहीं। इसके पीछे एक और सोचा-समझा राजनीतिक लक्ष्य है। उत्तर प्रदेश में हिन्दू मतदाता कभी एकजुट नहीं रहे। उच्च जातियों, पिछड़े वर्गों और दलितों के बीच की खाई को समाजवादी पार्टी हमेशा अपने पक्ष में भुनाने की कोशिश करती रही है। यदि अखिलेश इस घटना के माध्यम से हिन्दुओं के किसी तबके में यह धारणा बनाने में सफल हो जाते हैं कि भाजपा की सरकार में राम के घर में भी सुरक्षा नहीं, तो यह उनके लिये 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक फायदा होगा।

लेकिन इस पूरे प्रसंग में असली सवाल यह है कि यह नौबत आई क्यों? श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय की भूमिका यहाँ बेहद अहम है। यदि वे इस घटना की जानकारी मिलते ही इसका खुलासा सार्वजनिक रूप से कर देते और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई की बात करते, तो विपक्ष के पास आरोप लगाने की गुंजाइश ही नहीं बचती। जो घटना खुद उजागर की जाये, उस पर राजनीति करना कठिन होता है। लेकिन जब घटना को दबाने की कोशिश होती है और बाद में वह बाहर आती है, तो वह कहीं अधिक विस्फोटक बन जाती है। चंपत राय की यह अदूरदर्शिता महँगी पड़ी। इसी चूक ने अखिलेश को एक ऐसा हथियार थमा दिया, जिसे वे बार-बार भाँज सकते हैं। सपा की मंशा को भाँपकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए विशेष जांच दल का गठन किया है। यह कदम जरूरी था, लेकिन राजनीतिक नुकसान तो हो चुका था। जब तक जांच का आदेश आया, तब तक यह मुद्दा सोशल मीडिया और समाचार चौनलों पर आग की तरह फैल चुका था।

**लेखक: अजय कुमार**


# अमर भास्कर

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहाँगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**

**पिन कोड-243601**

***Email- amarbhashkar21@gmail.com***

***Whatsapp. No. 9411214614***


# डांसिंग गर्ल जिसे ढककर हम खुद को ही उजागर कर बैठे

इतिहास बदलने के लिए बड़े फैसलों की जरूरत नहीं होती, कभी-कभी एक छोटी-सी शेडिंग ही काफी है। सिंधु घाटी सभ्यता की कांस्य प्रतिमा डांसिंग गर्ल आज इसी कारण विवाद में है। मोहनजोदड़ो से प्राप्त लगभग 450 वर्ष पुरानी (2500-230 ईसा पूर्व) यह प्रतिमा भारतीय पुरातत्व की महत्वपूर्ण धरोहरों में गिनी जाती है। एक हाथ कमर पर रखे आत्मविश्वास से खड़ी यह किशोरी केवल कलाकृति नहीं, बल्कि उस सभ्यता की सहजता, कलाबोध और आत्मविश्वास का प्रमाण है। हाल ही में एनसीईआरटी की कक्षा 9 की कला शिक्षा पुस्तक 'मधुरिमा' में उसके नग्न धड़ को शेडिंग से ढक दिया गया। मामूली दिखने वाला यह बदलाव राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया। सवाल प्रतिमा का नहीं, उस दृष्टि का है जिससे हम अपने अतीत को देख रहे हैं। क्या हम इतिहास को उसके वास्तविक रूप में स्वीकार कर रहे हैं, या उसे अपने समय की नैतिक कसौटियों के अनुरूप बदल रहे हैं?

डांसिंग गर्ल केवल प्रतिमा नहीं, एक सभ्यता का आत्मविश्वास है। लॉस्ट-वैक्स तकनीक से बनी यह 105 सेंटीमीटर कांस्य मूर्ति दिखाती है कि सिंधु सभ्यता धातु-कला, सौंदर्य-बोध और रचनात्मकता में कितनी विकसित थी। उसकी मुद्रा उस समाज की सहजता का प्रमाण है, जहाँ शरीर संकोच का विषय नहीं था। दशकों तक यह प्रतिमा एनसीईआरटी की पुस्तकों में बिना बदलाव प्रकाशित होती रही और लाखों विद्यार्थियों ने इसे इतिहास के प्रमाण के रूप में देखा। ऐसे में अचानक इसे उम्र के अनुकूलष् बनाने की जरूरत क्यों महसूस हुई? क्या इतिहास को इतिहास की तरह दिखाना अब पर्याप्त नहीं है? यह बदलाव केवल चित्र का नहीं, बल्कि उस सोच का है जो अतीत को उसकी वास्तविकता से नहीं, बल्कि वर्तमान की असहजताओं से परिभाषित करती है।

यह बदलाव केवल संपादन नहीं, इतिहास की पुनर्रचना जैसा है। इतिहासकार मिशेल डैनिनो ने इसकी कड़ी आलोचना करते हुए इसे सेंसरशिप और फर्जी कलाकृति का निर्माण बताया। उनका तर्क था कि किसी ऐतिहासिक वस्तु का मूल रूप बदलने पर विद्यार्थी वास्तविक इतिहास नहीं, बल्कि उसका संपादित संस्करण देखते हैंकृयह बौद्धिक अन्याय है। उन्होंने इसे प्राचीन भारत पर विक्टोरियन नैतिकता थोपने की कोशिश भी कहा। विडंबना यह है कि जिस सभ्यता ने कला को सहज स्वीकार किया, उसके प्रतीकों पर आज कृत्रिम शालीनता लादी जा रही है। जबकि इतिहास का काम सुविधा के अनुसार बदलना नहीं, बल्कि असुविधाजनक सच्चाइयों से रूबरू कराना है।

यह विवाद भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की समझ पर सवाल खड़ा करता है। खजुराहो के मंदिर, कोणार्क का सूर्य मंदिर, अजंता-एलोरा की चित्रकला और गुप्तकालीन मूर्तिशिल्प बताते हैं कि भारतीय कला में मानव शरीर सदैव सौंदर्य और अभिव्यक्ति का माध्यम रहा है। यहाँ नग्नता को अश्लीलता नहीं, बल्कि स्वाभाविकता, शक्ति, सृजन और सौंदर्य का प्रतीक माना गया। कामसूत्र की परंपरा वाली इस सभ्यता में यदि आज अपनी ही कलात्मक विरासत पर असहजता होने लगे, तो प्रश्न उठता है-बदल इतिहास रहा है या हमारी दृष्टि? डांसिंग गर्ल की नग्नता अश्लीलता नहीं, उस युग की सांस्कृतिक सहजता का प्रमाण है। उसे ढकने का प्रयास उस समझ को ढकने जैसा है, जिसने उस कला को जन्म दिया था।

इस विवाद की एक और परत भीतर का विरोधाभास खोलती है। एनसीईआरटी की कक्षा 6 की सामाजिक विज्ञान पुस्तक में यही प्रतिमा अपने मूल रूप में है, जबकि कक्षा 9 की कला शिक्षा पुस्तक में उसका संशोधित रूप दिखाया गया है। एक ही संस्था की दो पुस्तकों में एक ही ऐतिहासिक वस्तु के दो अलग-अलग रूप शिक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाते हैं। क्या हम छात्रों को इतिहास पढ़ा रहे हैं या उसे अपने वर्तमान मानकों के अनुसार ढाल रहे हैं? यह केवल एक चित्र का मामला नहीं, बल्कि उस प्रवृत्ति का संकेत है जहाँ पाठ्यक्रम संशोधन के नाम पर इतिहास और पुरातत्व पर वैचारिक दबाव दिखने लगता है। जब तथ्य बदलते हैं, तो शिक्षा का आधार कमजोर पड़ता है।

सांस्कृतिक संवेदनशीलता का तर्क नकारा नहीं जा सकता। कुछ अभिभावक और शिक्षक मानते हैं कि किशोर विद्यार्थियों के सामने नग्नता का प्रदर्शन सावधानी से होना चाहिए। लेकिन सवाल यह है-समाधान समझाना है या छिपाना? शिक्षा का दायित्व संदर्भ देना है, न कि तथ्य बदलना। यदि किसी कलाकृति में नग्नता है, तो छात्रों को बताया जा सकता है कि प्राचीन कला में उसका अर्थ आधुनिक दृष्टि से अलग थाकृवह शक्ति, सौंदर्य, स्वतंत्रता और स्वाभाविकता का प्रतीक भी हो सकती है। हर असहज तथ्य पर शेडिंग चढ़ाते रहेंगे तो अगली पीढ़ी इतिहास नहीं, उसका सुविधाजनक संस्करण पढ़ेगी। तब पाठ्यपुस्तकें दस्तावेज कम और कल्पना अधिक बन जाएँगी।

शिक्षा मंत्रालय के स्पष्टीकरण और सार्वजनिक आलोचना के बाद एनसीईआरटी ने मूल छवि बहाल करने का निर्णय लिया। डिजिटल संस्करण में तुरंत संशोधन हुआ और भविष्य की मुद्रित प्रतियों में भी मूल प्रतिमा प्रकाशित करने की घोषणा की गई। यह कदम स्वागत योग्य है, लेकिन सवाल छोड़ता है कि शुरुआत में यह परिवर्तन क्यों किया गया। यह निर्णय दिखाता है कि पाठ्यपुस्तकें अब केवल शैक्षणिक सामग्री नहीं, बल्कि वैचारिक संघर्ष का भी हिस्सा बन चुकी हैं।



**लेखक: आरके जैन अरिजीत**

# श्रीलंकाई खिलाड़ियों से वैभव की लड़ाई पर बीसीसीई ने तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली । भारत ए और श्रीलंका ए के बीच हाल ही में खेले गए मुकाबले में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और श्रीलंकाई खिलाड़ी के बीच हुई ऑन-फील्ड बहस लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं, जिनमें बीसीसीआई द्वारा कार्रवाई किए जाने की बातें भी शामिल हैं। हालांकि, अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने इस पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट कर दी है।




देवजीत सैकिया ने साफ शब्दों में कहा कि मैदान पर होने वाली घटनाओं को लेकर फैसला लेने का अधिकार मैच रेफरी और अंपायरों का होता है। ऐसे मामलों में बीसीसीआई का कोई रोल नहीं है। सैकिया ने कहा, सोशल मीडिया पर बहुत सी बातें चल रही हैं, जिनमें यह अटकल भी शामिल है कि बीसीसीआई कोई कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है, लेकिन क्या आप चाहते हैं कि बीसीसीआई मैच रेफरी के अधिकार क्षेत्र में दखल दे?

बीसीसीआई सचिव ने कहा कि बोर्ड ऐसे मामलों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेगा, क्योंकि इससे गलत परंपरा शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई ऐसे मामलों में निर्णय लेने वाला प्राधिकरण नहीं है। हमें उस क्षेत्र में दखल नहीं देना चाहिए, जहां मैच रेफरी और अंपायर मैदान पर होने वाली घटनाओं पर फैसला लेने के लिए अधिकृत अधिकारी हैं। सैकिया के मुताबिक, यदि किसी खिलाड़ी या क्रिकेट गतिविधि से जुड़ा कोई विवाद मैदान पर होता है तो उसका निपटारा निर्धारित अधिकारियों द्वारा ही किया जाना चाहिए।

देवजीत सैकिया ने स्पष्ट किया कि बीसीसीआई के नियमों और आईसीसी के प्रावधानों के तहत बोर्ड को ऐसे मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई के पास खेल के संचालन में हस्तक्षेप करने या कोई कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। जो कुछ भी हुआ, वह खेल का हिस्सा था और बीसीसीआई नियमों तथा आईसीसी विनियमों के अनुसार बोर्ड की इसमें कोई भूमिका नहीं है।

सैकिया ने सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई द्वारा कार्रवाई किए जाने की बातें पूरी तरह आधारहीन हैं। उन्होंने कहा, काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन ये निराधार हैं। मैं भरोसा दिलाता हूं कि बीसीसीआई मैच रेफरी के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं करेगा। अगर मैदान पर कुछ गलत हुआ है तो उचित अधिकारी ही उससे निपटेंगे।

बीसीसीआई सचिव का मानना है कि यदि बोर्ड ऐसे मामलों में सीधे हस्तक्षेप करता है तो यह गलत उदाहरण पेश करेगा। उन्होंने कहा, ऐसा करना मैच रेफरी के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप होगा, जो बीसीसीआई नहीं करने जा रहा। यह हमारा काम नहीं है और हमारे नियमों में भी इसका प्रावधान नहीं है। ऐसे में वैभव सूर्यवंशी और श्रीलंकाई खिलाड़ी के बीच हुए विवाद पर अब सभी की नजरें मैच रेफरी की रिपोर्ट और संभावित फैसले पर टिकी होंगी।

## गाजियाबाद विविध

# डिप्टी सीएम ने शहर के लिए ज्ञानवर्धक वीडियो का किया शुभारंभ

**गाजियाबाद।** उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की 50 इलेक्ट्रॉनिक डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों का शुभारंभ किया इसके बाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ज्ञानवर्धक वीडियो का भी शुभारंभ किया गया। महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति में कूड़ा पृथक्करण के लिए जन-जन को जागरूकता के लिए चल रहे अभियान के बारे में जानकारी दी गई। 1 मिनट 34 सेकंड की वीडियो के माध्यम से शहर को कूड़ा पृथक्करण का संदेश दिया जा रहा है जिसमें शहर वासियों को प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए



कचरा पृथक्करण जरूरी है, बताया जा रहा है स डिप्टी सीएम द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम द्वारा घर से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग कराते हुए स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशनों के माध्यम से प्रोसेसिंग यूनिट तक भेजने का कार्य किया जा रहा है जिसके लिए कचरे का अलग-अलग होना बेहद जरूरी है। जिसमें शहर निवासियों का सहयोग निगम को चाहिए, गीला कचरा अलग तथा सूखा कचरा अलग करना प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना है जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम प्रयासरत है, अधिकांश घरों में सूखा कचरा तथा गीला कचरा अलग-अलग करने के लिए डस्टबिन भी अलग-अलग इस्तेमाल किया जा रहे हैं, कचरा पृथक्करण की वीडियो के माध्यम से जन-जन को जागरूक करने का कार्य सराहनीय है जिसका शुभारंभ किया गया जिसमें एक परिवार कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक हो रहा है दिखाया गया है। इस मौके पर विधायक संजीव शर्मा, पार्षद राजीव शर्मा, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद संतोष पार्षद, दयानंद शर्मा, पार्षद नीरज गोयल तथा निगम अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आरूष पुनिया की घातक गेंदबाजी ने एमडीसीए की टीम को दिलाई जीत

**गाजियाबाद** । इंटर अकैडमी ट्राइडेंट क्रिकेट टूर्नामेंट में आरूष पुनिया की घातक गेंदबाजी ने एमडीसीए की ए टीम को रोमांचक जीत दिला दी। टीम ने ट्राइडेंट स्पोर्ट्स क्लब को 18 रन से हरा दिया। ट्राइडेंट स्पोर्ट्स क्लब जीआर स्टेडियम पर खेले गए मैच में एमडीसीए की ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की व निर्धारित 30 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन बनाए। कप्तान दिव्यांश ने 37 रन की पारी खेली। अक्षज चौधरी ने 27 रन व विवान गुप्ता ने नाबाद 24 रन का योगदान दिया। टीम को 30 अतिरिक्त रनों का तोहफा भी मिला। 145 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्राइडेंट स्पोर्ट्स क्लब 27.5 ओवर में 126 रन बनाकर आउट हो गया। हर्षित पाल ने सबसे अधिक 45 रन की पारी खेली। युग ने 18 रन व देवांश सिंह ने 14 रन का योगदान दिया।

एमडीसीए के गेंदबाजों ने 36 अतिरिक्त रन दिए। आरूष पुनिया ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में महज 8 रन दिए और 5 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। विवान गुप्ता ने 14 रन देकर 2 विकेट लिए। मैन ऑफद मैच का पुरस्कार आरूष पुनिया को दिया गया।

# श्री गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर शरबत का किया गया वितरण

**गाजियाबाद** । भूड भारत नगर स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा में पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जन देव जी का पावन शहीदी गुरुपर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं सेवा भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ, गुरबाणी कीर्तन एवं गुरु इतिहास का संगत के समक्ष विस्तार से वर्णन किया गया। भाई गुरदीप सिंह भाई चरणजीत सिंह व भाई अमरजीत सिंह हजूरी रागी ने मधुर एवं रसपूर्ण कीर्तन ने संगत को गुरु चरणों से जोड़ दिया तथा पूरा वातावरण गुरबाणी के रंग में रंग गया। भीषण गर्मी को देखते हुए गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा द्वारा रेलवे स्टेशन रोड परं ठंडे मीठे



जल (छबील) सेवा का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने छबील का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सरदार जगमोहन सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने उन्हें सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। गुरुद्वारा साहिब के प्रधान सरदार जोगिंदर सिंह ने कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण मोड़ थी। धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना। गुरु साहिब की शहादत के उपरांत सिखों ने अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का संकल्प लिया तथा आगे चलकर श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने मीरी-पीरी की परंपरा स्थापित की और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ का सृजन कर धर्म, मानवाधिकार और न्याय की रक्षा के लिए संत-सिपाही की परंपरा को मजबूत किया। गुरु अर्जन देव जी का बलिदान धार्मिक स्वतंत्रता एवं मानवता की रक्षा के इतिहास में अद्वितीय स्थान रखता है।

इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी के सेक्रेटरी सरदार हरचरणजीत सिंह, सरदार यशमीत सिंह, अनिल कुमार, सरदार सतनाम सिंह, सरदार जसबीर सिंह, पंकज धूपड, राघव, रेहरास सिंह आदि मौजूद रहे।

# युवा खेल प्रेमियों के लिए ऐतिहासिक पहल

**गाजियाबाद।** शहर के युवा खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक पहल के रूप में संजय नगर सैक्टर 23, स्थित क्लच पॉइंट क्लब का भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित प्रीमियम क्ले टेनिस कोर्ट एवं प्रोफेशनल पिकलबॉल कोर्ट के शुभारंभ अवसर पर शहर की अनेक गणमान्य हस्तियों ने सहभागिता की।

उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने कोर्ट पर उतरकर स्वयं भी खेल का आनंद लिया तथा इस पहल को गाजियाबाद में खेल संस्कृति को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।इस अवसर पर पंडित उग्र नाथ वत्स, करंट क्राइम के प्रधान संपादक मनोज गुप्ता, पार्षद प्रदीप चौधरी, पूर्व पार्षद नरेन्द्र चौधरी, पूर्व पार्षद सतपाल चौधरी, पूर्व पार्षद कपिल त्यागी एवं व्यापारी नेता संजीव मित्तल 'साजू' सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी आगंतुकों का राजकुमार चौधरी ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं, एकेडमी के कोच अभय चौधरी एवं विशाल चौधरी ने खेलों के महत्व पर टेनिस एवं पिकलबॉल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां और तकनीकी टिप्स साझा कीं। वक्ताओं ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में युवाओं को खेलों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। क्लच पॉइंट क्लब न केवल खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली को भी बढ़ावा देगा।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरों पर की कार्रवाई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** बृहस्पतिवार को जनपद संभल में जनता को सुरक्षित एवं गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से खाद्य पेय पदार्थों में मिलावट पर सख्त कार्यवाही करते हुए आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ०प्र० लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा खाद्य पदार्थ-दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद से सम्बन्धित विनिर्माण इकाईयों का निरीक्षण किया



गया। इस क्रम में मिलावट का सन्देह होने पर निम्नानुसार खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए जिसमें -गणेश कॉलोनी, सीता रोड, चन्दौसी, जनपद-सम्भल स्थित मै प्रकाश एण्ड सन्स से खाद्य पदार्थ-लालशील ब्राण्ड घी एवं देशी घी हरबंश ब्राण्ड तथा ग्राम बड़ा ताजुद्दीन, सम्भल स्थित मै० रूबीना डेयरी से खाद्य पदार्थ-पनीर, मण्डी रोड, न०पा०परि० सम्भल स्थित मै० टीएस.टी. मिल्क एण्ड डेयरी प्रा.लि. से खाद्य पदार्थ-घी स्थान-ग्राम बड़ा ताजुद्दीन, सम्भल स्थित मै० माउण्टेन डेयरी से खाद्य पदार्थ-पनीर ग्राम अशरफपुर, सम्भल स्थित मै० जावेद पनीर भण्डार से खाद्य पदार्थ-पनीर और ग्राम अशरफपुर, सम्भल स्थित मै० अमायरा मिल्क डेयरी, पनीर उद्योग से खाद्य पदार्थ-पनीर ग्राम पाली की मढ़ैय्या, सम्भल स्थित मै० चाहल पनीर उद्योग से खाद्य पदार्थ-पनीर आदि से नमूने लिए गए।

# जींस वाशिंग प्लांट पर की गई छापेमारी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** बृहस्पतिवार को ग्राम मंडी किशन दास सराय थाना कोतवाली सम्भल में संचालित जींस वाशिंग प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जींस वाशिंग प्लांट आबादी में पाया गया तथा मौके पर संचालित मिला। मौके पर एक टमलर, लगभग 2500 जींस, एक ढोल, मशीन 05 वाशिंग मशीन, एक सिलेंडर, तीन टांका मशीन, एक काज मशीन, एक जनरेटर बैटरी सहित, एक एयर कंप्रेसर, दो हेट्रो, एक कूलर, दो डमी मशीन पायी गयी। वाशिंग प्लांट परिसर में वाशिंग प्लांट संचालक फखरे आलम पुत्र नूर अहमद निवासी ग्राम गोविंदपुर तहसील संभल व थाना कोतवाली संभल



उपस्थित मिले। मौके पर उपस्थित फखरे आलम से जींस वाशिंग प्लांट के संचालन संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा। परन्तु इनके द्वारा मौके पर जींस वाशिंग प्लांट के संचालन के सम्बन्ध में कोई भी वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये गये। जींस वाशिंग प्लांट अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में मौके पर जींस वाशिंग प्लांट के संचालन को बंद कराया गया तथा परिसर की विद्युत लाइन को कटवा दिया गया। इसके अतिरिक्त मौके पर वाशिंग मशीन एवं जनरेटर आदि को सील किया गया तथा मौके पर पाये गये एक ढोल, 5 धुलाई मशीन, एक टमलर मशीन, एक सिलेंडर एच.पी, तीन टांका मशीन, एक काज मशीन, एक जनरेटर बैटरी सहित, एक एयर मशीन, दो हेट्रो, एक कूलर, दो डमी मशीन, गली जींस को वाशिंग प्लांट संचालक फखरे आलम पुत्र नूर अहमद निवासी ग्राम गोविंदपुर थाना कोतवाली संभल को सुपुर्द किया गया एवं लगभग सुखी 2500 जींस को नगर पालिका परिषद संभल के गोदाम स्थित मंडी किशन दास सराय में रखवाया गया। फखरे आलम पुत्र नूर अहमद निवासी ग्राम गोविंदपुर थाना कोतवाली संभल तहसील-सम्भल की सुपुर्दगी में इस निर्देश के साथ दिया गया कि वह सामान को अपनी सुपुर्दगी में रखेंगे तथा खुर्द-बुर्द नहीं करेंगे।

# अवैध रूप से पार्किंग किए गए वाहनों के विरुद्ध की गई चेकिंग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** बृहस्पतिवार को सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा मार्गों पर अवैधरूप से पार्किंग किए गए वाहनों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें अमिताभ चतुर्वेदी सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सम्भल योगेन्द्र कुमार यादव मालकर अधिकारी, सम्भल एवं सुरेश यातायात निरीक्षक, सम्भल अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। अभियान चन्दौसी चौराहे पर चलाकर सड़क किनारे अवैध रूप से खडे वाहनों को कडी चेतावनी



देकर हटवाया गया तथा मार्ग वाछित करने वाले 23 वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी। इसके अतिरिक्त अनधिकृत संचालित सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें अनधिकृत रूप से संचालित पाये जाने पर 01 बस एवं 01 ऑटो रिक्शा को थाने में निरूद्ध किया गया है। साथ ही हेल्मेट का प्रयोग न करने के अभियोग में 13 चालान, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने के अभियोग में 04 चालान, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने के अभियोग में 04 चालान, शराब पीकर वाहन चलाने के अभियोग में 02 चालान करते हुए चालकों परिचालकों आमजनमानस को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, ओवरस्पीडिंग वाहन न चलाने, यातायात संकेतो का पालन करने आदि के बारे में जागरूक किया गया।

# 11 हजार वोल्ट की लाइन बनी काल किसान की मौत एक झुलसा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद के जुनावई थाना क्षेत्र में बिजली विभाग की कथित लापरवाही ने एक किसान की जान ले ली। गांव काशीपुर के जंगल में खेत पर कार्य के दौरान नीचे लटक रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन ट्रैक्टर और मक्का काटने की मशीन से टकरा गई। लाइन के संपर्क में आते ही मशीन में तेज करंट दौड़ गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दो किसान गंभीर



रूप से झुलस गए। आनन-फानन में दोनों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक किसान को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि काफी समय से विद्युत लाइन नीचे झूल रही थी, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### स्वच्छता में श्रमदान अभियान का आयोजन 20 जून से

**अलीगढ़।** नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने नगर निगम अलीगढ़ द्वारा आगामी पर्वों के दृष्टिगत शहर में जनभागीदारी आधारित स्वच्छता में श्रमदान अभियान का आयोजन 20 जून 2026 को प्रातः 8:00 से 12:00 बजे तक किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ क्वारसी चौराहे के निकट मंडलायुक्त कार्यालय के सामने नगर निगम द्वारा बनाए गए पण्डाल से किया जाएगा। जहां जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी तथा इसके उपरांत श्रमदान किया जाएगा।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए जनसहभागिता से शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। इसके लिए क्वारसी चौराहे से महेशपुर फ्लाईओवर तक के मार्ग को छह सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर प्रभारी, स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक, एसएफआई तथा अर्बन व सृजन कंपनी के सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है। जेसीबी, ट्रैक्टर, बाउंड्री वाहन सहित आवश्यक संसाधनों की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर अपने-अपने सेक्टर में उपस्थित होकर श्रमदान करेंगे प्रत्येक सेक्टर प्रभारी अपने क्षेत्र में अभियान के सफल संचालन के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा आइए श्रमदान के माध्यम से स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और सुंदर अलीगढ़ के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जनसहभागिता से ही स्वच्छता का संकल्प सफल होगा।

### आरपीएफ के मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**अलीगढ़।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त प्रदीप कुमार गुप्ता ने अलीगढ़ जंक्शन का औचक निरीक्षण किया। प्रयागराज से पहुंचे प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आरपीएफ पोस्ट, स्टेशन परिसर और विभिन्न सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी भी मौजूद रहे। आरपीएफ पोस्ट पर आयोजित बैठक में प्रदीप कुमार गुप्ता ने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें स्टेशन अधीक्षक, जीआरपी और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे। इसके बाद अधिकारियों के साथ अलीगढ़ जंक्शन के प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने क्राइम विंग, एसआईबी और डॉग स्क्वॉड इकाई का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। अधिकारियों ने बताया कि पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

### शिक्षकों का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले गुरुवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। महासंघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजेश चौहान ने कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित वर्तमान व्यवस्था शिक्षकों के हित में नहीं है।

# कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने किया शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बाड़ी।** राजस्थान सरकार द्वारा लगाई जा रही शहरी सेवा शिविर का गुरुवार को धौलपुर कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने शिविर में पहुंच पालिका ईओ उत्तमचंद बंसल से कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जा रही स्टालों पर जाकर उनके कार्यों की मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली। शिविर के दौरान उन्होंने मेडिकल स्टॉल पर खुद का भी चेकउप कराया। उन्होंने सभी स्टॉल से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी स्टाल और शिविर



का प्रचार प्रसार करें। शिविर में कम लोगो की उपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी जताई और प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जलदाय विभाग, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की बदहाल सड़कों की जल्द मरम्मत की जाए। इसके लिए भले ही विभाग संयुक्त रूप से काम करें या किसी एक को जिम्मेदारी दें।लेकिन कार्य पूरा होना चाहिए। बामनी नदी में नाले के गंदे पानी को छोड़े जाने पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग के अनुसार उसका पहले गंदे पानी का ट्रीटमेंट होना जरूरी है। इसके लिए नगर पालिका को जल्द योजना बनाने करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान कुछ लोग अपनी समस्याएं लेकर भी पहुंचे, जिनके समाधान को लेकर अधिकारियों को कलेक्टर ने निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को स्पष्ट चेतावनी दी की जनता से जुड़े शिविर में जितने भी काम किया जा रहे हैं उनको प्राथमिकता से किया जाए जिससे शिविर के लगाने का सरकार का उद्देश्य सफल हो सके। कलेक्टर ने आमजन से भी अपील की कि वह भूमि पंजीयन के बाद उसका कन्वर्जन एवं पट्टा बनाने के लिए शिविर का लाभ उठाएं और विशेष छूट पर काम कराए। कलेक्टर ने बताया कि शिविर में केवल नगर पालिका के भूमि पट्टे ही नहीं बनाये जा रहे है बल्कि लीज डीड,जन्म मृत्यु पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास योजना,पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री स्वनिधि, सामाजिक सुरक्षा योजना, राजस्व संबंधी प्रकरण व अन्य जनकल्याणकारी कार्य किये जा रहे हैं। इसके अलावा शिविर में जलदाय विभाग, बिजली विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, चिकित्सा विभाग भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# टैंक में डूबने से 8 साल के मासूम की मौत



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर में 8 साल के बच्चे की घर में बने सेप्टिक टैंक में डूबने से मौत हो गई। बच्चा मां से खेलने जाने की बात कहकर घर से निकला था। 2 घंटे तक वापस नहीं लौटा, तो परिजन खोजने निकले। पर कुछ पता नहीं चला। करीब 3 घंटे के बाद बच्चे का शव घर में ही बने सेप्टिक टैंक में तैरता मिला। घर में बड़े भाई की शादी की तैयारियां चल रही थीं। 13 दिन बाद एक जुलाई को ही बारात जानी थी। शादी के लिए ही घर में सेप्टिक टैंक बनवाया गया था। पर टैंक का मुंह खुला हुआ था। उसमें पानी भी भरा था। पुलिस को घटना की जानकारी सुबह मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। बच्चे की मौत को लेकर शादी के घर में मातम पसरा हुआ है।

# पुलिस ने लाखों के 242 खोए मोबाइल, स्वामियों को लौटाए

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** पुलिस ने लाखों से अधिक कीमत के 242 खोए मोबाइल फोन बरामद करके स्वामियों को लौटाए हैं। गुरूवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौंन ने आमजन को सीईआईआर पोर्टल के बारे में बताया। यह पोर्टल गुम हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने में मदद करता है। इससे खोए हुए मोबाइल का दुरुपयोग रोका जा सकता है।



आजकल के दौर में मोबाइल सिर्फ एक गैजेट नहीं, बल्कि इंसान की आधी जान बन चुका है। ऐसे में अगर किसी का कीमती फोन खो जाए, तो मानो उसकी दुनिया ही थम जाती है। लेकिन अलीगढ़ के 242 लोगों के लिए आज का दिन किसी दीवाली या ईद से कम नहीं रहा, जब उनके खोए हुए मोबाइल अचानक उनके हाथों में वापस आ गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने खुद अपने हाथों से जब इन मोबाइलों को उनके स्वामियों को वितरित किया, तो माहौल देखने लायक था। अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई लोगों को तो यकीन ही नहीं हो रहा था कि उनका गिरा हुआ फोन कभी वापस भी मिल सकता है। कइयों की आंखें नम थीं तो कोई पुलिस टीम के साथ सेल्फी ले रहा था। जनता ने खुले दिल से अलीगढ़ पुलिस का आभार जताया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए अहम निर्देश

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**धौलपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।




जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा आमजन के जीवन से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र करवाने, चेतावनी संकेतक एवं स्पीड ब्रेकर लगाने तथा सड़कों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर एनएचएआई समेत सभी संबंधित विभाग किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। सभी वाहनों पर नम्बर प्लेट लगी होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अधिक घनत्व वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने शहर में अवैध रूप से रोड़ पर खड़े हुए वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अधिक स्पीड व गलत तरीके से ओवरटेक करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध ड्राइविंग रिटेस्ट या लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सड़क के किनारों पर उगने वाले जंगली पेड़ों की कटाई-छटाई समय-समय पर किया जाना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित ब्लैक स्पॉट्स को चिह्नित कर वहां संकेतक बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स, स्पीड ब्रेकर और गति सीमा निर्धारण जैसे उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। उन्होंने नगर परिषद को निर्देशित किया कि शहर की सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत तत्काल कराई जाए और नालियों की सफाई भी नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए। शहर में खुले नालों पर फैरो कवर लगाने के निर्देश दिए। एनएचएआई के अधिकारी को एनएच 44 की सर्विस रोड को सीमेंटेड करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने शहर में ज्यादा ट्रैफिक से होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य बाजारों में सर्वे कर वन वे बनाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिससे आमजन को राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने एनएचएआई के अन्तर्गत दुर्घटनाग्रस्त स्पॉट के कारणों का सर्वे कर उनको कम करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त स्पॉट वाली जगहों पर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समयबद्धता और समन्वय के साथ कार्य करें। यातायात प्रबंधन में बेहतर रणनीति और तालमेल के साथ योगदान दें। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता मधुसूदन राव, एनएचएआई के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# बैंक में रखे गोल्ड पैकेट्स का गबन करने वाले तीन बैंककर्मी गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना अराँव पुलिस टीम द्वारा मुखविर खास की सूचना पर बीएनएस थाना अराँव जनपद फिरोजाबाद में वांछित अभियुक्तगण दिलीप कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश, क्रेडिट अधिकारी बैंक आफ इण्डिया शाखा भारौल



थाना अरांव जनपद फिरोजाबाद मूल निवासी ग्राम बासगाँव पोस्ट राहिन बसरेहर जिला इटावा हाल निवासी नगला कुंवरप्रसाद कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 34 वर्ष। नरेश कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह अधिकारी मूल निवासी ग्राम रायपुरा राहपुरा करकौली थाना सादाबाद जिला हाथरस उम्र करीब 41 वर्ष। संदीप यादव पुत्र रामप्रकाश शाखा प्रबंधक बीओआई शाखा भारौल मूल निवासी नगला उमराय थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद हाल निवासी 928 प्रोफेसर कालोनी शिकोहाबाद थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 36 वर्ष को मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित माल एक अदद करधनी पीली धातु, एक जोडी (दो अदद) दस्ती पीली धातु के साथ घिरोर वाईपास तिहारा कस्वा अरांव से समय 09.35 बजे गिरफ्तार किया गया। अभि०गण को मा० न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

# लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ मीडिया बंधुओं ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ की तहसील कोल में अधिवक्ताओं ने 18 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। यह हड़ताल महानिरीक्षक निबंधन उत्तर प्रदेश, लखनऊ के 4 जून 2026 के एक आदेश के विरोध में की जा रही है। इस फैसले से तहसील में रजिस्ट्री का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान होने की आशंका है।

तहसील राजस्व बार एसोसिएशन, तहसील कोल की बैठक अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन संयुक्त सचिव सुनील सिंह एडवोकेट ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में



अधिवक्ताओं ने भाग लिया और आदेश के विरोध में अपने विचार व्यक्त किए। अधिवक्ताओं का कहना है कि महानिरीक्षक निबंधन के इस आदेश से अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों, स्टाम्प विक्रेताओं, कंप्यूटर ऑपरेटरों और मुंशियों के रोजगार पर सीधा संकट आएगा। इसके अलावा, आम जनता पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। बैठक में प्रदेश की विभिन्न तहसीलों से मिल रहे समर्थन का भी उल्लेख किया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि तहसील कोल के तीनों उपनिबंधक कार्यालयों में 18 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इस अवधि में कोई भी अधिवक्ता या कातिब बैनामा और अन्य दस्तावेजों का पंजीकरण नहीं कराएगा। इस हड़ताल का सीधा असर रजिस्ट्री कार्य पर पड़ रहा है। सामान्य दिनों में तहसील कोल में प्रतिदिन लगभग 200 से 250 रजिस्ट्रियां होती हैं, जिनसे सरकार को करीब एक करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। 8 जून से प्रभावित रजिस्ट्री व्यवस्था अब पूरी तरह ठप हो गई है। इस स्थिति में शासन को प्रतिदिन लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये के राजस्व नुकसान की आशंका है।

# श्री गुरु अर्जन देव को किया गया याद ठंडे शरबत का किया वितरण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सिखों के पंचम गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर मसूदाबाद क्षेत्र में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और उमस के बीच आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में राहगीरों, मजदूरों और वाहन चालकों को ठंडा शरबत वितरित कर राहत पहुंचाई। समूह सातसंगत मसूदाबाद के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धा और सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। दोपहर से शुरू हुआ शरबत वितरण कई घंटों तक जारी रहा,



जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण किया और सेवा कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम में शामिल संगत के सदस्यों ने गुरु अर्जन देव जी के जीवन और उनकी शिक्षाओं को याद करते हुए मानव सेवा, परोपकार और जरूरतमंदों की सहायता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब का जीवन त्याग, सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। वक्ताओं ने अपने संबोधन में गुरु अर्जन देव जी के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उनका जीवन समाज को सहनशीलता, भाईचारे और निस्वार्थ सेवा का संदेश देता है। इस अवसर पर गुरु अर्जन देव जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी शिक्षाओं पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग, संगत के सदस्य और श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सेवा कार्य के दौरान पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, सेवा और भाईचारे का वातावरण देखने को मिला।

# कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी के जन्मिदन पर रक्तदान शिविर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी के जन्मिदन पर जिला व महानगर कांग्रेस के नेतृव में मैरिस रोड़ स्थित पूर्व विधायक विवेक बंसल के आवास पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठा. सोमवीर सिंह एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष नवेद खान ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होने कहा कि



रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार 19 जनू की सुबह पूर्व विधायक विवेक बंसल आवास पर लगाया जायेगा। उन्होने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे बड़ा कोई दान नहीं होता है, रक्तदान करने से किसी दूसरे व्यक्ति कारे जिंदगी मिलती है, और रक्त भी पतला होता है। दोनों नेताओं ने समस्त कार्यकर्ताओं से अपील की है कि इस रक्तदान शिविर में भाग लें और रक्तदान करें। वार्ता कें दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक गौड़ के अन्य कांग्रेसजन भी मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनकल्याण-जन जागरूकता अभियान



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** विकास भवन प्रांगण में प्राकृतिक एवं प्रगतिशील खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर कामिनी राठौर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया उन्होंने प्राकृतिक खेती में गौ माता की महत्ता को बताया और गौ-पालन को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग रमाकांत उपाध्याय ने जीवामृत, घन जीवामृत एवं बायोगैस उत्पादन के महत्व को बताया। जिला अध्यक्ष भाजापा उदय प्रताप सिंह ने रासायनिक खेती के स्थान पर गौ- आधारित खेती को प्रोत्साहित करने पर बल दिया उप कृषि निदेशक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना अंतर्गत 50 क्लस्टर बनाए गए हैं जिसमें 6250 कृषकों को प्राकृतिक खेती करने के लिए चयनित किया गया है प्रत्येक क्लस्टर पर दो कृषि सखी, सीआरपी तैनात किए गए हैं जिनके तकनीकी मार्गदर्शन से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ ओंकार सिंह द्वारा प्राकृतिक खेती में पशुपालन के महत्व के विषय में बताया गया।

जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान द्वारा मंच का संचालन किया गया कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषक राम अवतार ,वीरेंद्र सिंह, गोपाल, पूरन सिंह आदि को निशुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए गए। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सदर डॉ लक्ष्मी नारायण यादव, महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा सत्यपाल सिंह चौहान, भाव जाव पा महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर एवं भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम चतुर्थ प्रमोद कुमार एवं किसान बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रगतिशील एवं प्राकृतिक खेती में अग्रणी कृषक श्री रघुवीर सिंह, श्री सचिन राजपूत एवं श्री लोकेश कुमार द्वारा प्राकृतिक खेती के उत्पादों के स्टाल लगाए गए जिन्हें अतिथियों द्वारा सराहा गया।

### विद्यामंदिर क्लासेस द्वारा नेशनल एडमिशन टेस्ट 28 जून को आयोजित होगा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) देश का जाना-माना कोचिंग संस्थान है जो जेईई (मेन व एडवांस), नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विशिष्टता रखता है. वीएमसी अपने फ्लैगशिप टेस्ट यानी एनएटी के लिए तैयार है जिसके जरिए छात्र एडमिशन और स्कॉलरशिप पा सकेंगे. ये टेस्ट 28 जून को होगा जिसके जरिए देशभर के अच्छे छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा और उनकी परफॉर्मेंस के लिए रिवॉर्ड भी दिया जाएगा. यह स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट छात्रों को प्रोत्साहित करने और उन्हें शैक्षिक सफलता की ओर प्रेरित करने के लिए आयोजित किया जाएगा।

यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं में जा रहे हैं। उन्हें विद्यामंदिर क्लासेज के विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले और 100: तक की स्कॉलरशिप पाने का अवसर मिलेगा। इस टेस्ट के माध्यम से छात्र जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी में भी बढ़त हासिल करेंगे। इसके तहत वीएमसी संस्थापकों और विशेषज्ञों द्वारा मेंटॉरशिप, मोटिवेशनल सेशंस, नि: शुल्क डाउट रिजॉल्यूशन, निकटतम वीएमसी केंद्र पर अकादमिक सहायता, अच्छी तरह से शोधित और वैज्ञानिक आधार पर तैयार किया गया ई-स्टडी मैटेरियल और असीमित मॉक टेस्ट का लाभ भी दिया जाएगा।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने एसपी सिटी को सौंपा ज्ञापन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ.प्र. द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय रसलगंज पर पुलिस विभाग से सम्बंधित समस्याओं के समाधान के लिए प्रर्दशन कर पुलिस अधीक्षक नगर आदित्य वसंल को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने कहा कि विभिन्न चौराहों पर अधिकांश तौर पर जाम की स्थिति वनी रहती है ट्रैफिक पुलिस मूक दर्शक बनी देखती रहती है या सिर्फ मोवाईल से वाहनों के फोटो खींचकर



चालान करने में मस्त रहती इसके अलावा प्रत्येक चौराहों से नो एन्ट्री में यश एन्ट्री में बदलना तथा अवैध रूप से लगे ठेले रेहढ़ी, फड़ व सब्जी की दुकानों से हुआ और रेलवे रोड पर लगने वाले अवैध मंगल वाजार को जनहित में हटाया जाएं क्यो कि यहां अतिक्रमण से जाम लगने की इसकी प्रमुख बजह है। हमारी मांग है कि महानगर के प्रत्येक चौराहे को अतिक्रमण मुक्त किया जाये। महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि ई-रिक्शा का संचालन व्यवस्थित किया जाए वगैर लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन के चलाने पर इन पर सख्ती से रोक लगाई जाये तथा इनके रूट भी तय किये जायें। व्यस्त बाजारों में जाने पर भी पाबन्दी लगाई भी जाये।

महानगर के प्रमुख चौराहों क्वार्सी, एटा चुंगी, सूतमिल, नादापुल से ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में हो रही अवैध डग्गेमारी पर रोक लगाई जाए। नगर निगम द्वारा हटाया जाने वाला अवैध अतिकमण दोबारा वापस उसी विकराल अवस्था में आ जाता है इसके लिए क्षेत्रिय पुलिस की जबाबदेही निर्धारित की जाए। प्रदेश संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल ने कहा कि महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की बिक्री व दस्तूर जारी है, जिसमें अवैध रूप से कुट्ट ,जिंजर विक्रेताओं के विरूद्व सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाए। ज्ञापन देने वालों में दीपक अग्रवाल, आलोक प्रताप सिंह,प्रदेश संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल, एम ए खान गांधी, युवा जिलाध्यक्ष सन्तोष वार्ष्णेय, युवा जिलाध्यक्ष उधोग मंच राकेश वार्ष्णेय, जिला संयुक्त महामंत्री दीपक अग्रवाल, डा अजय शर्मा आदि।

# डीएम ने एमआरएफ सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आज नगर आयुक्त के साथ कुतुबपुर चनौरा स्थित मेटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां संचालित 100 टीडीपी क्षमता वाले वेस्ट टू कंपोस्ट प्लांट की जमीनी हकीकत को देखा, जहां संपूर्ण जिले भर के कूड़े की रीसाइकलिंग की जाती है। इस प्लांट की कार्यदायी संस्था मुस्कान इंटरप्राइजेज है। जब जिलाधिकारी ने निस्तारण की धीमी गति का कारण पूछा, तो कार्यदायी संस्था के प्रमुख ने अवगत कराया कि कूड़े को अलग और प्रोसेस करने के लिए जो मशीनें चलाई जा रही हैं,



वे फिलहाल डीजल इंजन से संचालित हैं, जिससे गति धीमी है। इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही निर्देश दिए कि प्लांट परिसर में तत्काल नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाए। डीजल इंजन के प्रयोग को बंद कर विद्युत (बिजली) का उपयोग किया जाए, जिससे मशीनें पूरी क्षमता से चल सकें। रीसाइकलिंग कार्य में तेजी लाकर स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द दुर्गंध और प्रदूषण से राहत प्रदान की जाए, इसे आम जनता और किसानों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोग आसानी से इसका उपयोग कर सकें और कचरे से कंचन बनाने का उद्देश्य पूरी तरह सफल हो।

# पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बीएनएस थाना टूण्डला फिरोजाबाद से सम्बन्धित अभियुक्त गजेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम खगरई थाना नारखी जिला फिरोजाबाद को उसके घर से गिरफ्तार कर मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# प्रांगण के हाल में एक व्यापारी एवं अधिकारी संगोष्ठी आयोजित की गई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** मंडल के द्वारा जिला अध्यक्ष पंडित रविंद्र लाल तिवारी जी के सानिध्य में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर सुनील अग्रवाल जी के नेतृत्व में एक व्यापारी गोट एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम राजा के ताल स्थित मास्टर ढाबा की बगल में आरके कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में व्यापारियोंके लिए सुरुचि भोज के रूप में दाल बाटी, कढ़ी चावल एवं खीर, शिकंजी आदि के साथ-साथ स्विमिंग पूल की व्यवस्था की गई। जिसका सभी व्यापारियों ने आनंद लिया ।उसके पश्चात इस प्रांगण के हाल में एक व्यापारी एवं अधिकारी संगोष्ठी आयोजित की गई ।जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय संरक्षक आदरणीय मदनलाल वर्मा जी ने की तथा संचालन महानगर वरिष्ठ महामंत्री रामबाबू झा ने किया। मंच पर जिला अध्यक्ष पंडित रविंद्र लाल तिवारी जी के साथ-साथ प्रांतीय उपाध्यक्ष कैलाश उपाध्याय जी, महा नगर अध्यक्ष डॉक्टर सुनील अग्रवाल जी, सदर विधायक माननीय मनीष असीजा जी, प्रमुख उद्योगपति प्रदीप कुमार गुप्ता जी परम आदरणीय देवी चरण अग्रवाल जी, सीओ सिटी श्री संतोष कुमार जी, अग्नि शमन अधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार पांडे जी ,दुर्गेश त्यागी जी, आरटीओ फ़िरोजाबाद गौरी शंकर, जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर, थाना लाइन प्रभारी रमित कुमार, जिला



महामंत्री कौशल किशोर उपाध्याय, संजय गुप्ता इंपिरियल, प्रदीप कौशिक, राजेश अग्रवाल, विजय भंबानी, श्याम सिंह यादव जी, दिनेश यादव, परशुराम लालवानी, शुभम राजपूत, अर्जेश उपाध्याय, इरशाद कुरैशी, भानु उपाध्याय जी, मौजूद थे। सभी अधिकारियों एवं वरिष्ठ पदाधिकारी का मोमेंट देकर और साफा पहना कर सम्मानित करते हुए महानगर के अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल जी ने बताया कि हमारे संगठन की बहुत ही पुरानी परंपरा व्यापारी गोट जो काफी समय से बंद चली आ रही थी उसको पुनः चालू किया गया है।जिसमें सभी व्यापारियों को अपने बहुत ही कीमती समय में से समय निकालकर इस मंच पर सम्मानित तथा इस कार्यक्रम में आनंद लेने के लिए बुलाया गया है।विधायक माननीय मनीष असीजा जी ने कहा वास्तव में व्यापारी हित की लड़ाई लड़ने के वाला कोई अगर संगठन है तो फिरोजाबाद व्यापार मंडल है। क्योंकि मैं भी इस संगठन का महामंत्री रहा हूं। साथ ही साथ उन्होंने पूरे फिरोजाबाद व्यापार मंडल को अच्छे कार्यों के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित की। मंच के माध्यम से सभी सम्मानित पत्रकारों बंधुओं को सफा पहना कर सम्मानित किया गया। तथा जनपद के अन्य क्षेत्रों से आए तमाम पदाधिकारी जैसे एका से आए पुष्पेंद्र चौहानजी शिकोहाबाद से आए मुकेश गॉड एवं राजेश गुप्ता जी का सफा पहनाकर मंच पर सम्मानित किया गया। संगठन के युवा जिला प्रभारी भानुपद जी ने अपने साथ लाये विभिन्न संगठनों से आए तमाम व्यापारी ,ऋषभ शर्मा, शशांक दुबे , संपत भैया, योगेश शर्मा को फिरोजाबाद व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण कराई। अग्निशमन अधिकारी सत्येंद्र पांडे जी ने सभी व्यापारियों को आग से बचाव के तमाम उपाय बताएं, जिससे कि किसी प्रकार के अप्रिय घटना से बचा जा सके। सी ओ सिटी साहब श्री संतोष कुमार जी ने भी भी व्यापारियों को तमाम तरह के साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताएं।

# योग सप्ताह के चतुर्थ दिवस जिला कारागार में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित







अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जनपद बिजनौर में आयोजित योग सप्ताह के चतुर्थ दिवस के अवसर पर प्रातः 6:00 बजे जिला कारागार बिजनौर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक डॉ. नरेंद्र एवं श्री गजेंद्र कुमार द्वारा भारत सरकार के निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा नियमित योग के महत्व एवं स्वास्थ्य लाभों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मी भास्कर एवं डॉ. अनुभव द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में सहभागिता करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री सुरेश कुमार, विश्व आयुर्वेद परिषद के जिला संयोजक डॉ. शेखर सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त योगेंद्र पाल सिंह योगी, सुनील राजपूत तथा अन्य योग साधकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। योग सप्ताह के सफल आयोजन में क्रीड़ा भारती, गोविंदा मॉर्निंग क्लब, गायत्री परिवार, आईएनओ एवं अन्य योग संस्थाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. रश्मी भास्कर एवं डॉ. अनुभव ने सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया।

# गौरवः दिव्या ने रचा इतिहास, घर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** अथाई ग्राम के यशवीर यादव एएसआई सीमा सुरक्षा बल व श्रीमती सोनम की पुत्री दिव्या यादव ने रायपुर में 9 व 10 जून को आयोजित नोर्थ जोन व 36 वीं राष्ट्रीय केनोइंग प्रतियोगिता में जूनियर व सब जूनियर कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।

दिव्या यादव जनपद बिजनौर कि पहली महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने जूनियर व सब जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण व रजत पदक जीता है। दिव्या यादव वर्तमान मै भारतीय खेल प्राधिकरण की खिलाड़ी है। दिव्या ने यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए प्राप्त की। दिव्या ने वाटर स्पोर्ट्स कैनोइंग सी 1500 मीटर्स सिंगल में गोल्ड मेडल सब जूनियर में, तथा सी 2-1000 मीटर्स और सी 2500 मीटर्स डबल सी 1-500- मीटर्स सिंगल जूनियर सिल्वर मेडल तथा सी 1-200 मीटर्स सिंगल सब जूनियर में सिल्वर मेडल जीतकर जनपद का नाम रौशन किया। नूरपुर बस स्टैंड पर पहुंचते ही खेल प्रेमी परिवारीजन व ग्राम वासियों द्वारा दिव्या का भव्य स्वागत किया गया। ग्राम अस्थाई पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सी पी सिंह, गन्ना समिति धामपुर के चेयरमैन रामवीर सिंह, नेशनल कबड्डी खिलाड़ी अतुल चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा दिव्या का गर्मजोशी के साथ सम्मान व स्वागत किया गया। दिव्या की इस उपलब्धि के लिए विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह योगी द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की।

# सपा प्रदेश सचिव राशिद राईन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेंट की चांदी की साइकिल



**जनता की उम्मीदों की साइकिल 2027 विधानसभा चुनाव में रुकेगी नहीं: प्रदेश सचिव राशिद राईन**

बिजनौर( अमर भास्कर ब्यूरो)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं बिजनौर के युवा नेता राशिद राईन ने गुरुवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस दौरान राशिद राईन ने अखिलेश यादव को चांदी की साइकिल भेंट की। अखिलेश यादव ने इस उपहार के लिए राशिद राईन का आभार व्यक्त किया।राशिद राईन ने मुलाकात के बाद कहा, -राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश जी को चांदी की साइकिल भेंट करना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। यह साइकिल मात्र एक प्रतीक नहीं है, बल्कि करोड़ों समाजवादी कार्यकर्ताओं की उस अटूट उम्मीद और असीम विश्वास की जीती-जागती गवाही है, जो उनके कुशल नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रही है। जनता की उम्मीदों की यह साइकिल 2027 में कहीं रुकने वाली नहीं है। यह अपनी मंजिल तक पहुंचकर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की मजबूत और स्थिर सरकार बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी कार्यकर्ता इस उम्मीदों से भरी साइकिल को हर गांव, हर कस्बे और हर घर तक पहुंचाने का संकल्प ले चुके हैं। प्रदेश की बागडोर जनता की सेवा और विकास के संकल्प के साथ अखिलेश जी के हाथों में सौंपने का कार्य करेंगे। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में तेजी से जुटी हुई है। राशिद राईन जैसे युवा नेताओं का अखिलेश यादव से सीधा संवाद पार्टी में उत्साह बढ़ाने वाला माना जा रहा है। राशिद राईन बिजनौर जिले में सपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं और युवा वर्ग को पार्टी से जोड़ने में उनकी भूमिका अहम रही है।

# हादसा: मुंडन संस्कार की खुशियां मातम में बदलीं, ट्रक से भिड़ी कार, महिला की मौत





अमर भास्कर ब्यूरो

**नहटौर।** बेटे के मुंडन संस्कार की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब हरिद्वार से लौट रहे एक परिवार की कार नूरपुर-नहटौर मार्ग पर ट्रक से टकरा गई। भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बच्चों समेत 13 लोग घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार जनपद बदायूं के गांव गोत्रा निवासी योगेंद्र सिंह उर्फ अन्नू अपने एक वर्षीय पुत्र अरनीत का मुंडन संस्कार कराने के लिए परिजनों और रिश्तेदारों के साथ इको कार द्वारा हरिद्वार गए थे। मुंडन संस्कार संपन्न होने और गंगा स्नान करने के बाद सभी लोग कार से अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि नूरपुर-नहटौर मार्ग पर गांव बालापुर के समीप उनकी कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई।सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने सूरज चौहान की पत्नी रश्मि (30) को मृत घोषित कर दिया। हादसे में सूरज चौहान, अजय चौहान, अजीत, रिंकी, योगेंद्र सिंह उर्फ अन्नू, काजल, सुनीता सहित अर्पिता, आशु, दिपांशी, अरनीत, दिपांशु और सिद्धार्थ घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हरिद्वार में एक वर्षीय बच्चे का मुंडन संस्कार कराने और गंगा स्नान के बाद परिवार खुशी-खुशी घर लौट रहा था। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह यात्रा इतनी दर्दनाक साबित होगी मुंडन संस्कार की खुशियां लेकर लौट रहे परिजनों पर हादसे ने ऐसा कहर बरपाय कि एक महिला की जान चली गई और कई बच्चे समेत 13 लोग अस्पताल पहुंच गए। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है, जबकि गांव में भी शोक मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में लेकर चालक रोहताश को हिरासत में ले लिया गया है। हादसे के कारण कुछ समय तक यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने वाहनों को हटवाकर सामान्य कराया।

**हरिद्वार से गंगा स्नान कर लौट रहा था परिवार, बच्चों समेत कई घायलों की हालत गंभीर**

# धामपुर में ई-रजिस्ट्री के विरोध में निकाली पैदल यात्रा



अमर भास्कर ब्यूरो

**धामपुर।** ई-पंजीकरण मॉड्यूल रजिस्ट्री योजना के विरोध में दस्तावेज लेखकों, अधिवक्ताओं एवं स्टांप विक्रेताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार जारी है। धामपुर तहसील परिसर स्थित उप-निबंधन कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए, ताकि हजारों लोगों के रोजगार पर संकट न आए। धरना प्रदर्शन के चौथे दिन सभी दस्तावेज लेखकों, अधिवक्ताओं व स्टांप विक्रेताओं ने ई रजिस्ट्री के विरोध में तहसीलदार परिसर से नगीना चौराहे तक पैदल यात्रा निकाली। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ई-रजिस्ट्री व्यवस्था लागू होने से दस्तावेज लेखकों, अधिवक्ताओं और स्टांप विक्रेताओं के रोजगार पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नई व्यवस्था से वर्षों से इस कार्य से जुड़े लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर ई-रजिस्ट्री व्यवस्था को लागू नहीं होने दिया जाएगा। जब तक सरकार इस निर्णय को वापस नहीं लेती, तब तक उनका आंदोलन और अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी, राजपाल सिंह, हाजी नसीम अंसारी, उमाशंकर शर्मा, शाहिद अली, परशुराम, सरफराज खान सहित अनेक अधिवक्ता, कातिब एवं दस्तावेज लेखक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए, ताकि हजारों लोगों के रोजगार पर संकट न आए।

# फास्टैग विवाद में टोल सुरक्षा इंचार्ज के ऊपर कार चढ़ाकर की हत्या, कार चालक गिरफ्तार







अमर भास्कर ब्यूरो

**नगीना।** नेशनल हाईवे-374 स्थित पुरैनी टोल प्लाजा पर फास्टैग रिचार्ज को लेकर हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। टोल कर्मियों से कहासुनी के बाद एक कार चालक ने टोल प्लाजा के सुरक्षा इंचार्ज एवं सेवानिवृत्त फौजी महिपाल सिंह (65) को कार से कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल महिपाल सिंह को मेरठ रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक और कार को हिरासत में ले लिया है।

दोपहर करीब एक बजे कार संख्या [illegible]-7169 पुरैनी टोल प्लाजा की लेन संख्या-4 पर पहुंची। कार में चालक के उसकी पत्नी, 13 वर्षीय पुत्र और दो वर्षीय बच्ची भी सवार थे। ड्यूटी पर तैनात महिला कर्मचारी शिवानी इनके आगे के गाड़ी चालक का रिचार्ज कर रही थी। फास्टैग में बैलेंस न होने के कारण स्कैनर कार्य नहीं कर रहा था। इस बात पर इस गाड़ी के पीछे की गाड़ी का चालक भड़क गया और महिला कर्मचारी से अभद्रता तथा गाली-गलौज करने लगा। बताया जाता है कि दूसरी गाड़ी के मोबाइल से फास्टैग रिचार्ज करने के बाद भी चालक का गुस्सा शांत नहीं हुआ। टोल के सुरक्षा इंचार्ज एवं सेवानिवृत्त फौजी महिपाल सिंह ने बीच-बचाव कर चालक को आगे बढ़ने के लिए कहा। आरोप है कि इसी दौरान चालक ने टोल कर्मियों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से कार को तेजी से पीछे मोड़ा और बाहर खड़े महिपाल सिंह को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिपाल सिंह निवासी लाइनपार स्योंहारा सड़क पर गिर पड़े और उनका पैर कार के पहिए के नीचे आ गया। उन्हें बचाने के लिए महिला कर्मचारी शिवानी दौड़ी, लेकिन चालक ने कार को दोबारा पीछे लेकर और अधिक रफ्तार से दूसरी बार टक्कर मार दी। इस दौरान महिपाल सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े, जबकि शिवानी बाल-बाल बच गई। टोल कर्मियों ने घायल महिपाल सिंह को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल और फिर मेरठ रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक कार लेकर फरार हो गया था। सूचना मिलने पर सीओ राजेश कुमार, थाना प्रभारी अवनीत मान तथा पुलिस बल मौके पर पहुंचा। टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार की पहचान कर ली और बाद में आरोपी चालक तथा वाहन को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है। वहीं टोल कर्मियों का आरोप है कि घटना के समय चालक नशे की हालत में था, जिसकी भी जांच कराई जा रही है। सीओ राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा घटना से संबंधित सभी साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। महिपाल सिंह की मृत्यु के बाद मुकदमे में आवश्यक धाराएं बढ़ा दी गई हैं।

# खनन और भारी वाहनों के संचालन पर प्रशासन सख्त



**▶▶ जिले में भारी वाहनों की आवाजाही के नए नियम लागू, उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को भारी एवं खनन वाहनों के लिए मार्ग प्रतिबंध लागू**

अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रशासन ने भारी एवं खनन वाहनों के संचालन को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। जिला प्रशासन द्वारा भारी और खनन वाहनों के आवागमन के समय एवं मार्ग में परिवर्तन करते हुए नए प्रतिबंध लागू किए गए हैं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने पुलिस अधीक्षक नगर एवं नोडल अधिकारी यातायत, जनपद-बिजनौर के पत्र एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के डीजी परिपत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपद बिजनौर के 06 थानों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के दृष्टिगत महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। पुलिस विभाग द्वारा चिन्हित ऐसे मार्गों पर, जहां दिन के समय भारी एवं खनन वाहनों के तीव्र आवागमन के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना अधिक रहती है, वहां इन वाहनों के संचालन पर समयबद्ध प्रतिबंध लगाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भारी एवं खनन वाहनों का आवागमन वैकल्पिक रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे आमजन की सुरक्षा के साथ-साथ यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे। प्रतिबंधित मार्गों में मण्डावली-मण्डावर मार्ग, कोतवाली देहात-नहटौर-नूरपुर मार्ग, धामपुर-नहटौर-झालू-बिजनौर मार्ग तथा नजीबाबाद-रायपुर सादात नगीना मार्ग शामिल हैं। जारी आदेश के अनुसार इन मार्गों पर भारी एवं खनन वाहनों का संचालन प्रतिदिन प्रातः 6 से रात्रि 8 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्गों के माध्यम से एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक आवागमन करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों एवं चालकों के विरुद्ध प्रचलित विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनपदवासियों से यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा अभियान में सहयोग प्रदान करने की अपील की है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# शैलेंद्र कुमार सिंह बने पुनः नजीबाबाद के एसडीएम



**▶▶ आते ही पहले दिन पूर्व की तरह सुनी पीड़ितों की फरियाद**

अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद।** डीएम बिजनौर जसजीत कौर ने प्रशिक्षण अवधि पूरी कर बिजनौर लौटे डिप्टी कलेक्टर बिजनौर शैलेंद्र कुमार सिंह को पुनः नजीबाबाद का एसडीएम बनाया है, विगत दिनों पूर्व ही शैलेंद्र कुमार प्रशिक्षण के लिए गए थे। अब बिजनौर से आदेश जारी होते ही शैलेंद्र कुमार सिंह ने नजीबाबाद तहसील स्थित कार्यालय पहुंचकर पुनः कार्यभार ग्रहण किया। बता दें कि विगत दिनों पहले एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह प्रशिक्षण के लिए गए थे, उसी दौरान शैलेन्द्र कुमार सिंह के स्थान पर नगीना न्यायिक एसडीएम आशुतोष रामप्यारे जैसवाल को नजीबाबाद का एसडीएम बनाया गया था, अब प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद शैलेन्द्र कुमार सिंह की वापसी के साथ ही आशुतोष रामप्यारे जायसवाल का स्थानांतरण कर उन्हें उपजिलाधिकारी न्यायिक नगीना के पद पर तैनात किया गया। शैलेंद्र कुमार ने नजीबाबाद तहसील पहुचकर पुनः चार्ज लिया। शैलेन्द्र कुमार सिंह की वापसी से नजीबाबाद तहसील के प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता और तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है, उनके पूर्व कार्यकाल के दौरान राजस्व, कानून-व्यवस्था और जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर किए गए कार्यों की चर्चा रही थी, अब एक बार फिर उनके नेतृत्व में तहसील प्रशासन की कमान संभालने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था की उम्मीद है। पुनः यहां की जिम्मेदारी मिलने पर तमाम लोगों ने शैलेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात की और बधाई दी। शैलेंद्र कुमार ने आते ही पीड़ितों की फरियाद को पूर्व की तरह गंभीरतापूर्वक सुना और उनकी समस्याओं का समाधान कराया।

# मॉस्को की तेल रिफाइनरी पर एक हफ्ते में दूसरा हमला



**यूक्रेन।** देश ने एक सप्ताह में दूसरी बार मॉस्को की एक तेल रिफाइनरी पर हमला किया। इसके कारण मॉस्को हवाई अड्डों पर वाणिज्यिक उड़ानों को बाधित किया। यह रूस द्वारा चार साल पहले किए गए आक्रमण के बाद से यूक्रेन के सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक है। यह जानकारी एक रूसी अधिकारी ने दी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी हवाई सुरक्षा ने रात भर में कई क्षेत्रों में 555 यूक्रेन ड्रोन को मार गिराया, जिनमें से लगभग 2०० को रूसी राजधानी के पास आने से पहले ही रोक दिया गया। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि कई ड्रोन ने शहर के दक्षिण-पूर्वी बाहरी इलाके में स्थित मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हमला किया। रूसी परिवहन मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को के चार हवाई अड्डों से उड़ानें रोक दी गई हैं। यह हमला यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के उस बयान के कुछ घंटों बाद हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय वार्ता की थी, जिससे महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा, कल रात, हमारे लंबी दूरी के हमलों ने एक बार फिर मॉस्को इलाके को निशाना बनाया। इस हफ्ते दूसरी बार मॉस्को की ऑयल रिफाइनरी पर हमला हुआ। रोस्तोव इलाके और यूक्रेन के अस्थायी रूप से कब्जे वाले इलाकों में भी ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह हमारे शहरों और समुदायों पर रूस के हमलों का पूरी तरह से जायज जवाब है। रूस की युद्ध मशीन को चलाने वाले ठिकानों के खिलाफ हमारे सैनिकों की कार्रवाई का एक और अहम नतीजा है। मैं यूक्रेन की रक्षा और सुरक्षा बलों, यूक्रेन की सुरक्षा सेवा, अनमैन्ड सिस्टम फोर्स, स्पेशल ऑपरेशन फोर्स, डिफेंस इंटेलिजेंस और हमारी मिसाइल ब्रिगेड को उनके सटीक हमलों और तालमेल के साथ किए गए प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने आगे कहा हाल के दिनों में, हमारे सभी सहयोगियों ने हमारे मध्यम दूरी के हमलों और दीर्घकालिक हमलों की सटीकता और प्रभावशीलता को सराहा है।

# जिलाधिकारी ने विकास प्रदर्शनी, स्टालों का किया अवलोकन



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने केंद्र सरकार के विश्वास, विकास, सफ्ल, संवेदनशील, सुशासन, सेवा एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गईं। विकास प्रदर्शनी, स्टालों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की स्टॉलों का अवलोकन करते हुए जन-कल्याणकारी योजनाओं को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग, नेडा, सूर्य ऊर्जा विभाग, उद्योग विभाग, पंचायतीराज विभाग, एक जनपद-एक उत्पाद, एक जिला-एक व्यंजन, स्वयं सहायता समूह, पुलिस विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, प्रोबेशन विभाग, महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग आदि विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विकास प्रदर्शनी स्थल में आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं नुक्कड़ नाटक को देखा तथा भजन गायन को सुना। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा उद्यम, आत्मनिर्भरता आदि के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा किसानों की समृद्धि, युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास, डिजिटल सेवाओं का विस्तार तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से देश के विकास को नई गति प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

# रिफाइनरी में डिवाइन विजडम समर कैंप' संपन्न



**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी नगर स्थित ऑफिसर्स क्लब में ब्रह्माकुमारी संस्था के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय डिवाइन विजडम समर कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। बच्चों के बहुआयामी और सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को समर्पित इस विशेष कैंप में रिफाइनरी नगर के 1०० से अधिक बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

इस तीन दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास जैसे मानवीय गुणों को जागृत करना था। कैंप के दौरान बच्चों को खेल-खेल में सहयोग, अनुशासन, प्रेम और करुणा की भावना सिखाई गई।

बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित की गईं। योग प्रशिक्षक बी.के. आलोक और बी.के. ऊषा ने बच्चों को योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। वहीं, प्रसिद्ध हास्य योग प्रशिक्षक आर.बी. अग्रवाल ने अपनी अनूठी शैली में हास्य योग के माध्यम से बच्चों को तनावमुक्त और प्रसन्न रहने के गुर सिखाए।

ब्रह्माकुमारी संस्था की स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी.के. कृष्णा दीदी ने बच्चों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया और दैनिक जीवन में एकाग्रता व आत्मिक सशक्तिकरण के महत्व को समझाया। इसके साथ ही, विषय विशेषज्ञ प्रमोद वर्मा ने स्वस्थ खानपान व उत्तम व्यवहार की जानकारी दी, जबकि इम्पल्स माइंड अकादमी की निदेशिका श्रीमती दीपा गर्ग ने बच्चों को रचनात्मक तरीके से विजन मैपिंग की तकनीक सिखाई। कैंप का मुख्य आकर्षण केयर फॉर नेचर (प्रकृति की देखभाल) थीम पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रही। इसमें बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा धारण कर पर्यावरण संरक्षण का बेहद प्रेरणादायक संदेश दिया।

# भांजे का हत्यारोपित मामा पुलिस हिरासत में



**मथुरा।** थाना बलदेव पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भांजे की हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया आलाकत्ल (हथौड़ा और डंडा) भी बरामद कर लिया है।

थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 17 जून 2026 को मुखबिर की सटीक सूचना पर सराय सालवान अंडरपास से करीब 5० मीटर पहले घेराबंदी की। पुलिस ने यहाँ से मु.अ.सं. 166/2026 (धारा 1०3(1), 238 बीएनएस) के तहत वांछित जयकरण (36 वर्ष, निवासी जालौन) और एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया। इस कामयाबी में थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार के साथ उपनिरीक्षक आलोक कुमार मिश्रा, उ.नि. इंतजार अली, हेड कांस्टेबल सत्येंद्र सिंह, महिला हेड कांस्टेबल रजनी और महिला कांस्टेबल नीतू की मुख्य भूमिका रही। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफआवश्यक विधिक कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# ...या हुसैन की गूंजी सदाएं, निकला अलम का जुलूस



**मथुरा।** मगरिब की नमाज के बाद मोहर्रम का चांद दिखाई देने के साथ ही इस्लामी नववर्ष और मोहर्रम महीने का आगाज हो गया। इसी के साथ शहर में परंपरागत रूप से मोहर्रम का पहला अलम का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और पूरे रास्ते गम व अकीदत का माहौल बना रहा। पहला अलम डींग गेट स्थित गिलगिलिया वाली बगीची से बरामद किया गया। जुलूस में अलमदारों, अखाड़ों के उस्तादों, खलीफाओं और मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत की। जुलूस डींग गेट से शुरू होकर शाही ईदगाह मस्जिद, नई बस्ती, तेलीपाड़ा, मंडी रामदास, ठेक नारनौर, विशायती खिड़की और वृंदावन गेट होते हुए चौक बाजार स्थित जामा मस्जिद पहुंचा। जामा मस्जिद पहुंचने पर करीब डेढ़ घंटे तक अखाड़ा जमा रहा। इस दौरान उस्तादों और खलीफाओं ने तलवारबाजी समेत कई पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। इसके बाद जुलूस वरवार पाड़ा पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरा कार्यक्रम रात करीब 11 बजे तक चला। मोहर्रम के पहले जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जुलूस मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। अधिकारियों की निगरानी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। मोहर्रम कमेटी से जुड़े मोहम्मद दिलशाद ने बताया कि पहला अलम हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाला गया है। उन्होंने कहा कि 1० मोहर्रम तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों और जुलूसों का आयोजन किया जाएगा। मोहर्रम का महीना त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देता है। इस दौरान लोग रोजे रखते हैं, इबादत करते हैं और जरूरतमंदों की मदद कर सामाजिक भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष भूरा शेख पहलवान, सेक्रेटरी अबरार वारसी, उपाध्यक्ष जहीर अब्बास जैदी, बबलू कुरैशी, आरिफ खान, नौशाद खान आदि।

# पेड़ पर लटका मिला अधेड़ का शव

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के गांव मोरा में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 4० वर्षीय अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। मृतक के परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है।जानकारी के अनुसार गांव मोरा निवासी प्रताप पुत्र रामजीलाल बुधवार रात अपने घर पर सोया था। गुरुवार सुबह परिजन जागे तो घर के निकट एक पेड़ पर उसका शव लटका देख उनके होश उड़ गए। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना जैंत पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र की हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाया गया है। उनका कहना है कि गांव के कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी नातिन को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला भी सामने आया था, जिसकी शिकायत थाना जैंत में की गई थी। परिजनों का आरोप है कि नामजद लोगों ने पहले भी जान से मारने की धमकी दी थी और उसी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। उधर, थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। घटनास्थल से फॉरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# एसएसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी किए सम्मानित



**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने विमर्श सभागार में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने, अधिकमास मेला को सकुशल संपन्न कराने और गंभीर अपराधों का खुलासा करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने अधिकमास मेले के दौरान भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह, एसपी ग्रामीण सुरेश चन्द्र रावत, एसपी ट्रैफिक्क राजेश कुमार तिवारी सहित कई क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावार घर में घुसकर सोने-चाँदी के आभूषण चोरी करने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शत-प्रतिशत माल बरामद करने वाली टीम (उ.नि. अमित कुमार व अन्य) को सम्मानित किया गया। पेट्रोल पंप से ईंटों से भरी ट्रॉली चोरी होने की घटना में 12० किमी तक 75 सीसी टीवी कैमरों को खंगालकर भरतपुर (राजस्थान) से माल बरामद करने वाले उ.नि. सोहनपाल सिंह और है.का. दीपक कुमार को सम्मानित किया गया। मथुरा कोतवाली क्षेत्र में 17 मई को हुई नकबजनी का अनावरण कर 2 अभियुक्तों को पकड़ने वाले उ.नि. पवन चौहान व स्वाट टीम के दुर्विजय सिंह को प्रशस्ति पत्र मिला। इसके अलावा, जिला अस्पताल चौकी प्रभारी और है.का. को 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर 1० चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद करने पर सम्मानित किया गया। एसएसपी श्लोक कुमार ने सभी पुलिसकर्मियों की निष्ठा और समर्पण की सराहना करते हुए इसे अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# एनएसए डोभाल के न्यौते पर भारत आ रहे चीनी विदेश मंत्री



**वीजिंग।** चीनी विदेश मंत्री वांग यी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एनएसए अजित डोभाल के निमंत्रण पर दो दिनों के भारत के दौरे पर आ रहे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। वांग यी 22 से 23 जून तक भारत में रहेंगे और ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों एवं राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े उच्च प्रतिनिधियों की 16वीं बैठक में हिस्सा लेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, श्भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के निमंत्रण पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और केंद्रीय विदेश मामलों आयोग कार्यालय के निदेशक वांग यी 22-23 जून को भारत में आयोजित ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और उच्च प्रतिनिधियों की 16वीं बैठक में भाग लेंगे।बता दें कि वांग यी ने पिछले वर्ष भी नई दिल्ली का दौरा किया था। अगस्त में आयोजित विशेष प्रतिनिधियों एसआर की 24वीं बैठक के दौरान उन्होंने अजित डोभाल के साथ बातचीत की थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, उस समय दोनों पक्षों ने माना था कि 23वीं विशेष प्रतिनिधि वार्ता के बाद से भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनी हुई है। दोनों देशों ने इस बात पर जोर दिया था कि द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब नई दिल्ली और बीजिंग के बीच संबंधों में सुधार देखने को मिल रहा है। पिछले वर्ष तियानजिन में आयोजित शिखर सम्मेलन सहित कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकातों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में सकारात्मक गति आई है।

# ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव में दखल न दें, यह हमारा अंदरूनी मामला है



**ब्राजील।** देश के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने बुधवार को अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी दी। उन्होंने कि ट्रंप ब्राजील के अक्तूबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में दखल न दें। उन्होंने यह चेतावनी तब दी, जब ट्रंप ने उनके राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई को लेकर ब्राजील की फिर से आलोचना की। यह बयान दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को दिखाता है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में दक्षिण अमेरिकी देश पर और टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है और दो ड्रग-तस्करी वाले संगठनों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया है, जिसका लूला विरोध करते हैं। लूला ने कई बार ब्राजील की संप्रभुता का बचाव किया है, खासकर तबसे जब ट्रंप ने पिछले साल ब्राजील पर टैरिफ लगाए थे और अपने सहयोगी पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के खिलाफ श्राजनीतिक बदले की कार्रवाई का आरोप लगाया था। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने बुधवार को अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी दी। उन्होंने कि ट्रंप ब्राजील के अक्तूबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में दखल न दें। उन्होंने यह चेतावनी तब दी, जब ट्रंप ने उनके राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई को लेकर यह बयान दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को दिखाता है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में दक्षिण अमेरिकी देश पर और टैरिफलगाने का प्रस्ताव दिया है और दो ड्रग-तस्करी वाले संगठनों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया है, जिसका लूला विरोध करते हैं। लूला ने कई बार ब्राजील की संप्रभुता का बचाव किया है, खासकर तबसे जब ट्रंप ने पिछले साल ब्राजील पर टैरिफ लगाए थे और अपने सहयोगी पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के खिलाफ श्राजनीतिक बदले की कार्रवाई का आरोप लगाया था लूला ने ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के जज अलेक्जेंड्रे डी मोरेस पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों पर भी आपत्ति जताई। ट्रंप प्रशासन ने कहा था कि मोरेस ने राजनीति से प्रेरित होकर बोल्सोनारो के खिलाफ कार्रवाई की, जिन्हें 2022 के चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने की कोशिश के लिए दोषी ठहराया गया है। ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ब्राजील श्राजनीतिक रूप से खतरनाक बन गया है। सरकार श्बोल्सोनारो जूनियर (जेर बोल्सोनारो के बड़े बेटे फ्लावियो बोल्सोनारो) को गिरफ्तार करना चाहती है, जो चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बोल्सोनारो के बेटे और पूर्व सांसद एडुआर्डो बोल्सोनारो को उनके पिता के तख्तापलट मामले में धमकी देने का दोषी पाया और उन्हें 4 साल दो महीने की जेल की सजा सुनाई। हालांकि, ट्रंप का बयान श्जनमत सर्वेक्षणों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं इस ओर संकेत दे रहा है कि वह शायद बोल्सोनारो के बड़े बेटे सीनेटर फ्लावियो बोल्सोनारो की बात कर रहे थे, जो लूला के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे हैं। फ्लावियो बोल्सोनारो को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। एडुआर्डो बोल्सोनारो को कोर्ट ने दोषी इसलिए ठहराया, क्योंकि उन्होंने अपने पिता के तख्तापलट मामले में अवैध रूप से हस्तक्षेप किया और अमेरिकी सरकार से ब्राजील के अधिकारियों पर दबाव बनाने की पैरवी की। जी7 शिखर सम्मेलन के बाद फ्रांस के एवियन-लेस-बैंस में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक पत्रकार ने ट्रंप के बयान पर लूला से सवाल किया। इस पर ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि इससे पता चलता है कि ट्रंप ब्राजील को ठीक से नहीं जानते।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेलः amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022